न्यूज ब्रीफ

### हादसे में दंपती और पुत्र घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** मैजिक की टक्कर से बाइक सवार मासूम समेत तीन लोग घायल हो गए। हादसा गुरुवार को हुआ। जनपद शाहजहांपुर के थाना निगोही क्षेत्र के गांव नौगामियां निवासी नेत्रपाल ने बताया कि उसके साडू बीसलपुर के गांव मीरपुर निवासी प्रमोद कुमार पुत्र श्यामलाल अपनी ससुराल जनपद बरेली थाना क्योंलड़िया के गांव पेहना में एक दावत में गए थे। सात वर्षीय पुत्र पुष्पेंद्र कुमार और पत्नी शांती देवी के साथ वापस घर जा रहे थे। गांव परसिया के पास पहुंचते ही मैजिक ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें तीनों घायल हो गए। प्राथमिक इलाज के बाद सीएचसी से तीनों को रेफर कर दिया गया है।

### आम तोड़ने से रोका तो कर दी पिटाई

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम अलियापुर के निवासी शिवप्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार के उनकी पुत्री मोहिनी घी के पीछे बाग में आम रखा रही थी। इस बीच गावं का मनोज पुत्र जमुना प्रसाद पहुंचकर आम तोड़ने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने पुत्री से मारपीट की। जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अस्पताल के बाहर से साइकिल चोरी

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव नवादा महेश के निवासी महेंद्रपाल पुत्र बाबूराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी छोटी बहन गायत्री देवी उसके दो वर्षीय पुत्र बृजेश की दवा लेने बुधवार को साइकिल से सीएचसी गई थी। गेट पर मौजूद सिक्योरिटी गार्ड ने साइकिल अंदर ले जाने के लिए मना कर दिया और साइकिल बाह खड़ी करा दी। जिसे कोई चोरी कर ले गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### खेत से पंपिंग सेट चोरी

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव कुरैइया ताल्लुके फूटाकुआं निवासी कृष्ण कुमार ने पुलिस को तहरीर में देकर बताया कि उसने फसल की सिंचाई के लिए बुधवार को पंपिंग सेट लगाया। रात करीब नौ बजे खेत पर रहे, उसके बाद घर आ गए। 14 मई की सुबह सवा पांच बजे इंजन चलाने के लिए खेत पर गए, तो करीब 35 हजार रुपये कीमत का पंपिंग सेट गायब मिला। उसे कोई चोरी कर ले गया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चूका बीच में बाघों की दस्तक, टाइगर रिजर्व में रात्रिकालीन पर्यटन गतिविधियां थमीं

## वन निगम ने ईको टूरिज्म स्पॉट चूका बीच में हटों की बुकिंग की बंद, वोट सफारी पर भी लगाई रोक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व के मिनी गोवा कहे जाने वाले ईको टूरिज्म स्पॉट चूका बीच परिसर में बाघों की सक्रियता ने हड़कंप मचा दिया है। इन बाघों की चहलकदमी सीधे सैलानियों के ठहरने वाले क्षेत्र तक पहुंचने के बाद टाइगर रिजर्व प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। सुरक्षा के मद्देनजर वन निगम ने तत्काल प्रभाव से चूका बीच की हटों में रात्रि विश्राम और बुकिंग पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही शारदा सागर डैम में होने वाली बोट सफारी को भी फिलहाल बंद कर दिया गया है। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से निगरानी शुरू की गई है।

पीलीभीत टाइगर का वर्तमान पर्यटन सत्र 15 जून को समाप्त होने जा रहा है। टाइगर रिजर्व के प्रमुख पर्यटन स्थल चूका बीच में देश के कोने-कोने से पर्यटक पहुंच रहे है और यहां की हरी-भरी वादियों के बीच बनी हटों में रात्रि विश्राम कर रहे हैं। इधर, पर्यटन सत्र खत्म होने से करीब एक माह पहले चूका बीच क्षेत्र में दो बाघों की लगातार सक्रियता देखी जा रही है। वन अधिकारियों के मुताबिक पिछले एक सप्ताह से बाघ रात के समय हटों के बेहद करीब तक पहुंच रहे हैं। बुधवार रात भी एक बाघ को वाटर हट के समीप देखा गया था। पर्यटन स्थल के आसपास बाघों की बढ़ती सक्रियता को देखते हुए टाइगर रिजर्व प्रशासन और वन निगम प्रशासन सतर्क हो गया है। इधर सैलानियों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए उच्चस्तरीय निर्णय के बाद वन निगम की ओर से हटों की बुकिंग को बंद कर दिया गया। इसके साथ ही शारदा सागर डैम में होने वाली बोट सफारी को भी फिलहाल बंद कर दिया गया है।



पीटीआर के चूका बीच का मुख्यद्वार।


पीटीआर में रात्रि के समय देखे गए दो बाघ। ● अमृत विचार

> चूका बीच क्षेत्र में बाघों की बढ़ी सक्रियता को देखते हुए सुरक्षा कारणों से वन निगम ने हटों की बुकिंग और रात्रि विश्राम पर रोक लगा दी है। दिन में पर्यटन जारी है, लेकिन पूरी एहतियात बरती जा रही है। बाघों की सटीक लोकेशन जानने के लिए टीमों के साथ हाथियों से भी सघन निगरानी कराई जा रही है।
> – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

● हाथियों को भेजकर शुरू की गई निगरानी, डिप्टी डायरेक्टर ने सतर्क रहने के दिए निर्देश

#### हाथियों से हो रही गश्त, दिन में खुली रहेगी सफारी

बाघों की लोकेशन ट्रेस करने और सैलानियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए टाइगर रिजर्व प्रशासन ने अब हाथियों का सहारा लिया है। चूका बीच और आसपास के सघन वन क्षेत्रों में हाथियों के जरिए वनकर्मी लगातार निगरानी कर रहे हैं। हालांकि दिन के समय जंगल सफारी करने वाले सैलानियों के लिए चूका बीच का भ्रमण जारी रहेगा, लेकिन उन्हें भी निर्धारित सुरक्षा घेरे में रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## व्यापारी शंखनाद समागम में शामिल हुई पीलीभीत टीम


वृंदावन में हुए सम्मेलन में पीलीभीत के व्यापारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● कई बिंदुओं पर हुई चर्चा, एकता पर दिया जोर

**अमृत विचार :** श्रीधाम वृंदावन में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की ओर से दो दिवसीय व्यापारी शंखनाद समागम आयोजित किया गया। जिसमें पीलीभीत से भी व्यापारी शामिल हुए।

दो दिन तक चले इस कार्यक्रम में संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण, सामाजिक दायित्वों और व्यापारी हितों से जुड़े ज्वलंत विषयों पर गहन मंथन किया गया। जीएसटी का सरलीकरण, ऑनलाइन कंपनियों की मनमानी पर अंकुश, इंस्पेक्टर राज की समाप्ति, मंडी शुल्क में एकरूपता व स्थानीय निकायों द्वारा उत्पीड़न जैसे मुद्दों पर एक स्वर में चिंता व्यक्त की गई। राष्ट्रीय कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघवी ने कहा कि अर्थव्यवस्था के लिए व्यापारियों एवं उद्यमियों का बड़ा योगदान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब लाल किले से 2014 में शपथ ली, उसके बाद व्यापारियों की आवाज, सम्मान एवं समस्याओं के लिए राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया जोकि अब उत्तर प्रदेश में भी पुनः गठित होना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह टहलानी, जिला महामंत्री स्वतंत्र देवल, पीयूष अग्रवाल, नगर अध्यक्ष युवा विंग प्रतीक सक्सेना आदि शामिल हुए।

## 53 दुकानों का किया सत्यापन 15 जगह हो चुके निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● दवाओं के थोक विक्रेताओं के लाइसेंस का कराया जा रहा सत्यापन

**अमृत विचार:** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से अवैध औषधियों के भंडारण और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए जिलेभर में थोक मेडिकल एजेंसियों का सत्यापन कराया जा रहा है। इसके तहत कुछ में खामियां भी प्रकाश में आई है, जिन पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

जिलेभर में 600 से अधिक दवाओं की होलसेल दुकानें हैं। ये सब शहर के साथ ही पूरनपुर, जहानाबाद, कलीनगर, अमरिया, बरखेड़ा आदि में है। अवैध औषधियों के भंडारण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए अब सख्ती की गई है। नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी ) के अनुपालन में जिले की थोक दवा दुकानों के भौतिक सत्यापन का कार्य शुरू किया जा चुका है। दुकान व गोदाम को चेक कराया जा रहा है। इसी क्रम में निरीक्षण भी किए जा रहे हैं। तकनीकी व्यक्ति (फार्मासिस्ट) की उपस्थिति, वैध किरायानामा एवं अन्य विधिक दस्तावेज, औषधि दुकान के लिए जरूरी अन्य मानक की भी जांच कराई जा रही है।

औषधि निरीक्षक नेहा वैश्य ने बताया कि सत्यापन कार्य अभी चल रहा है। अभी तक 53 थोक दुकानों का सत्यापन किया जा चुका है। 15 का निरीक्षण भी किया गया है। टीमें लगी हुई हैं। कहीं कोई खामी मिलने पर कार्रवाई भी की जाएगी।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने मशीन सील कर नमूने जांच के लिए भेजे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● पूरनपुर के कबीरपुर कसगंजा में अवैध आइसकैंडी फैक्ट्री पर छापा, बिना पंजीकरण के चल रहा था कारोबार

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के मौसम में आम जनमानस की सेहत के साथ खिलवाड़ करने वाले मिलावटखोरों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। गुरुवार को खाद्य सुरक्षा टीम ने पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव में अवैध आइसकैंडी निर्माण इकाई पर छापेमारी की। जांच के दौरान इकाई का खाद्य पंजीकरण न मिलने पर टीम ने मौके पर मौजूद मशीन को सील कर दिया है।

शासन-प्रशासन के निर्देशों के क्रम में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ओर से गुरुवार को विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी सतीश कुमार, प्रेम कुमार यादव और शांतनु कुमार की टीम ने पुलिस बल के साथ पूरनपुर तहसील के घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के गांव कबीरपुर कसगंजा में आईसकैंडी फैक्ट्री पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान फैक्ट्री में भारी मात्रा में आइसकैंडी का निर्माण होता पाया गया। टीम ने सार्वजनिक बिक्री के लिए रखी गई आइसकैंडी के दो अलग-अलग नमूने लेकर उन्हें जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेज दिया है। टीम के मुताबिक जांच के दौरान फैक्ट्री संचालक द्वारा मौके पर खाद्य कारोबार से संबंधित अनिवार्य पंजीकरण पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका।

इस पर टीम ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई करते हुए निर्माण मशीन को सील कर दिया। टीम की इस कार्रवाई से इससे जुड़े कारोबारियों में खासा हड़कंप देखा गया।


पूरनपुर के कबीरपुर कसगंजा में आइसकैंडी फैक्ट्री में सैंपलिंग की कार्रवाई करती टीम।

> आम जनमानस को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। कबीरपुर कसगंजा में बिना लाइसेंस चल रही आइसकैंडी फैक्ट्री की मशीन को सील कर दिया गया है और नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। – **अनिल कुमार सिंह**, सहायक आयुक्त खाद्य।

## दृष्टि बाधित दिव्यांग छात्रा ने बढ़ाया मान


छात्रा एकता गौतम।

**पीलीभीत, अमृत विचार :** बिलसंडा के हेमपुर गांव की छात्रा एकता गौतम ने उत्तराखंड के नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड विद्यालय में कक्षा 10 की परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। दृष्टि बाधित दिव्यांग की श्रेणी में आने वाली एकता गौतम मेधावी छात्रा रही हैं। वर्ष 2014 में समग्र शिक्षा अभियान के तहत संचालित एक्सीलरेटेड लर्निंग कैंप में तीन वर्ष तक शिक्षा ग्रहण की।

जिले के आसपास कोई विद्यालय नहीं होने के कारण एकता के पिता प्रेमचंद ने अपनी बेटी का एडमिशन हल्द्वानी के नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड स्कूल में दिलाया। जहां छात्रा ने ब्रेल पद्धति के माध्यम से पढ़ना लिखना सीखा। शिक्षा का बेहतर माहौल स्कूल में मिलने पर छात्रा की रुचि पढ़ाई लिखाई में बढ़ती गई। छात्रा के पिता प्रेमचंद खेती करते हैं। बेटी की प्रतिभा और उसके जज्बा को देखकर पिता ने आर्थिक तंगी आने नहीं आने दी। एकता की उपलब्धि पर बीएसए रोशनी सिंह, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा राकेश पटेल, स्पेशल एजुकेटर मनीष श्रीवास्तव, रामदास आदि ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## स्वगणना के बारे में दी जानकारी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** उपाधि महाविद्यालय में स्वगणना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेल्फ एन्यूमरेशन पोर्टल पर स्वयं अपनी जानकारी अपडेट करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम रहा। प्राचार्य डॉ.दुष्यंत कुमार ने स्वगणना कैसे पूर्ण की जाए इस बारे में पीपीटी के द्वारा विस्तार से चर्चा की। डॉ.अनुपम पांडे, प्रोफेसर सत्येन्द्र नारायण, प्रोफेसर प्रणव शर्मा, विपन नीरज, डॉ. दिवाकर सिंह, डॉ. अनुपम पांडे, डॉ. राखी मिश्रा आदि ने भी विचार रखे।

न्यूज डायरी




### शिविर में 105 लोगों ने किया रक्तदान, बने महादानी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** रक्त नाड़ियों में बहे, नालियों में नहीं..बाबा हरदेव सिंह के इस वाक्य को प्रसारित करने और जनमानस में रक्तदान के प्रति जागरुकता लाने के लिए संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में संत निरंकारी मिशन ब्रांच पीलीभीत की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। गांधी प्रेक्षागृह में हुए रक्तदान शिविर की शुरुआत मुख्य अतिथि डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने कराई। रक्तदाताओं में उत्साह दिखा। शिविर में 105 यूनिट रक्तदान किया गया। सत्संग का भी आयोजन किया गया। बाजपुर से आए महात्मा राजकुमार ने रक्तदान की महत्ता को समझाया। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल ने भी रक्तदान को महादान बताया। संत निरंकारी मिशन के जोनल इंचार्ज प्रतिपाल सिंह ने सभी का आभार जताया।



### परीक्षा देने जा रही छात्रा हादसे में घायल, जिला अस्पताल रेफर

**बीसलपुर, अमृत विचार :** वीडीआरएल हायर एजुकेशन कॉलेज में बीए की परीक्षा देने जा रही छात्रा की स्कूटी में मैजिक ने टक्कर मार दी। घायल छात्रा को अस्पताल भर्ती कराया गया जबकि चालक मौके से भाग गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चौसरा निवासी दिलीप कुमार की पुत्री दीपांशी बालादेवी रोशन लाल ग्रुप आफ हायर एजुकेशन मे बीए अंतिम वर्ष की छात्रा है। गुरुवार को वह कॉलेज में परीक्षा देने जा रही थी। बीसलपुर पीलीभीत मार्ग पर कॉलेज गेट के पास पहुंचते ही सामने से आ रही मैजिक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही छात्रा रोड पर गिर गई और स्कूटी मैजिक के नीचे फंस गई। मैजिक का चालक मौके से भाग गया। छात्रा को एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया गया। वहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।



### पालिकाध्यक्ष ने एक और सड़क का किया लोकार्पण

**पीलीभीत, अमृत विचार :** वार्ड नम्बर सात की निरंजनकुंज कॉलोनी में भागीरथी जोशी के मकान से महा मातेश्वरी मंदिर तक बनी नई सड़क का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने शिलापट्ट का अनावरण करके किया। इस दौरान क्षेत्रीय लोगों ने सड़क निर्माण कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। इस मौके पर कुमकुम अग्रवाल, अनीता जोशी, सभासद सुनीता सिंह, साकेत सक्सेना, पंकज तिवारी, अवतार सिंह, जगन्नाथ लोधी, सुरेश लोधी, नरेंद्र तिवारी, राशिद हुसैन आदि मौजूद रहे।



### बच्चों को नियमित भेजें स्कूल गृहकार्य की करें जांच

**अमरिया, अमृत विचार :** कंपोजिट विद्यालय भंगा मोहम्मदगंज में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एसआरजी अमित पाठक रहे। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें व गृह कार्य की नियमित जांच करें। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों को घर पर रहकर पढ़ाई और होमवर्क कराना जरूरी है।कहा कि इस बार जनगणना का कार्य पूर्ण रूप से डिजिटल माध्यम से किया जा रहा है, इसलिए सभी लोग 21 मई तक अपनी स्व-गणना स्वयं कर सरकार का सहयोग भी करें। इस मौके पर प्रधानाध्यापक खेमपाल सिंह, शिक्षक प्रवीण कुमार शुक्ल, लालाराम, हरप्रसाद, शमशाद अहमद, शकील अहमद, सलीम अहमद, फाइजा नूर आदि मौजद रहे।



### न्यूज ब्रीफ

## गोदाम से हुई चोरी की एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पकड़िया निवासी अंकुर अग्रवाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी फर्म अग्रवाल पेंट सेंटर के नाम से मोहल्ला पकड़िया में है। उसका माल एशियन पेंट बरेली से ट्रांसपोर्ट के माध्यम से डोर डिलीवरी होता है जो चालक और हेल्पर लेकर आते हैं। छह मई को उसका सामान आया था। सामान उतारने के बाद चालक और हेल्पर ने मिलकर उसके गोदाम से पेंट की चार हजार रूपये कीमत की बाल्टी और 25 हजार रूपये की पॉलिश के डिब्बे, इसके अलावा 13 मई को साढ़े तीन हजार रूपये कीमत की पेंट की बाल्टी चोरी कर ली। चोरी की घटना का पता सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर लगा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

## दियोरियाकलां में बैंक खुलवाने की मांग

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** बैंक खुलवाने की मांग को लेकर ग्राम प्रधान अजय सिंह ने डीएम ज्ञानेंद्र सिंह को पत्र भेजा है। जिसमें बताया कि बैंक न होने से ग्रामीणों, सरकारी संस्थानों में तैनात कर्मचारियों को परेशानी हो रही है। दियोरियाकलां बिलसंडा ब्लॉक की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत है, जिसमें पांच हजार मतदाता हैं। कोतवाली है, जिसमें 80 लोगों का स्टाफ है। इसके अलावा पीलीभीत टाइगर रिजर्व के क्षेत्रीय वनाधिकारी का कार्यालय है, 55 लोगों का स्टाफ है। साथ ही सीएचसी, इंटर कॉलेज के साथ ही हाल ही में मुख्यमंत्री माडल इंटर कॉलेज की स्वीकृति हुई है। छह प्राथमिक विद्यालय और एक उच्च प्राथमिक विद्यालय संचालित हैं। ऐसे में गांव मं बैंक खुलवाने की मांग की है।

## किशोरी को ले गया युवक

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना न्यूरिया क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि चार अप्रैल को रात करीब दस बजे उसकी 15 वर्षीय पुत्री को मझोला कस्बा निवासी निसार पुत्र निताई फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोपी का सहयोग उसकी मां झरना बेगम ने भी किया। काफी तलाश करने के बाद भी पुत्री की कोई जानकारी नहीं मिली। जानकारी लगने पर पांच मई को वह एक महिला के सहयोग से अपनी पुत्री को आरोपी के घर से छुड़ा लाई।

## पति ने की मारपीट, रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना अमरिया क्षेत्र के ग्राम जिठनिया निवासी रेखा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पति शराब पीकर अक्सर मारपीट करता हैं। 12 मई को उसके पति ने उसके साथ मारपीट की। जिससे वह घायल हो गई। आरोपी ने उसके बच्चों के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने पति सियाराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### आवासों से कार्यालय तक पैदल पहुंचे अधिकारी, डीएम ने अनावश्यक वाहनों का प्रयोग न करने के दिए निर्देश

# ईंधन बचत अभियान : बिना एस्कॉर्ट कलेक्ट्रेट पहुंचे डीएम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


बिना एस्कॉर्ट कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में पहुंचे डीएम ज्ञानेंद्र सिंह।


कर्मचारी के साथ पैदल विकास भवन जाते सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास।


आफीसर्स कॉलोनी से पैदल कार्यालय जाते सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर।

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचत की अपील को अमलीजामा पहनाते हुए डीएम गुरुवार को अपने लाव-लश्कर और एस्कॉर्ट वाहनों को छोड़कर बिना किसी तामझाम के कलेक्ट्रेट पहुंचे। डीएम की इस सादगी और फैसले को देख अन्य महकमे के अफसरों ने इस पर अमल किया। अधिकांश अधिकारी अपने सरकारी वाहनों को छोड़कर पैदल ही दफ्तरों तक पहुंचे।

वैश्विक स्तर पर गहराते कच्चे तेल के संकट और विदेशी मुद्रा भंडार पर बढ़ते दबाव के बीच जिला प्रशासन ने ईंधन संरक्षण की दिशा में पहल शुरू की है। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने एक दिन पूर्व ही प्रशासनिक स्तर पर ईंधन बचत के निर्देश दिए थे। उन्होंने ऑफिसर्स कॉलोनी में रहने वाले अधिकारियों कलेक्ट्रेट और विकास भवन जैसे नजदीकी कार्यालयों के लिए वाहनों का उपयोग न करने की बात कही थी। इसके अलावा उन्होंने तहसील दिवसों और समीक्षा बैठकों के लिए वाहन पूलिंग व्यवस्था लागू करने की भी बात कही। ताकि अधिकारी अलग-अलग वाहनों से जाने के बजाय एक ही वाहन का साझा उपयोग करें। साथ ही अनावश्यक यात्राओं को कम करने और वर्चुअल बैठकों को प्राथमिकता देने की भी बात कही है। डीएम द्वारा की गई ईधन बचत की पहल का गुरुवार को खासा असर देखा गया। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह गुरुवार सुबह अपने लाव-लश्कर और एस्कॉर्ट वाहन को छोड़कर बिना किसी तामझाम के कलेक्ट्रेट पहुंचे। इसके अलावा सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास और सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर भी आफीसर्स कॉलोनी स्थित अपने आवासों से पैदल ही कार्यालय के लिए निकले। इसके अलावा

> प्रधानमंत्री की अपील के क्रम में जिला प्रशासन ने ईंधन बचत का संकल्प लिया है। एस्कॉर्ट वाहन को अगले आदेश तक हटा दिया है। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अनावश्यक सरकारी वाहनों का प्रयोग न करें और नजदीकी दूरी के लिए पैदल सफर करें। अन्य लोगों से भी अपील है कि वे अनावश्यक वाहनों का प्रयोग न करें। यह न केवल ईंधन बचत है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भी जरूरी कदम है। – **ज्ञानेंद्र सिंह,** डीएम

विकास भवन एवं कलेक्ट्रेट के कुछ अन्य अधिकारी आवास से कार्यालय तक पैदल पहुंचे। इसके अलावा विकास भवन में जहां वाहनों की भरमार देखी जाती है, गुरुवार को वाहनों की संख्या में कमी देखी गई।

## प्रधान पति पर हमला करने वाला एक पकड़ा

**बीसलपुर, अमृत विचार:** प्रधान पति पर हमला करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को धर दबोचा। उसके पास से तमंचा भी बरामद किया गया है, जबकि दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगरिया फतेहपुर निवासी सुरेंद्रपाल पुत्र सियाराम प्रधान पति हैं। उन्होंने कोतवाली में दी तहरीर में बताया था कि करीब तीन दिन पूर्व बाइक से जा रहे थे। इस दौरान सराय वाली गली में ग्राम रंपुरा नौगवां निवासी जितेंद्र कुमार, देवेंद्र कुमार ने दो साथियों संग रोका और हमला कर दिया। जितेंद्र ने जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर किया, जोकि मिस हो गया। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि आरोपी जितेंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उसके पास से तमंचा बरामद होने पर अलग से आर्म्स एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# पावर कारपोरेशन के दफ्तर में बदतर हालात

### एसई और एक्सईएन की मौजूदगी के बीच कदम-कदम पर हादसे का खतरा, अव्यवस्थाएं हावी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक बिजली के जर्जर पोल, तारों के मकड़जाल अभी भी दूर नहीं हो सके हैं। बंच केबिल का काम भी शहर में कराया गया, लेकिन तस्वीर बदतर ही बनी रही। इन सबके बीच बिजली के तारों की सर्वाधिक बदहाल तस्वीर पावर कॉरपोरेशन के दफ्तर से सामने आई। यहां तो उपभोक्ताओं और कर्मचारियों पर खुले में निंचाई में लटके तारों से हादसे का खतरा बता हुआ है। खास बात है कि ये तार कई जगह से जुड़े हुए हैं और उन पर टेप तक नहीं लगाया गया है। दो-दो वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी के बीच अव्यवस्थाएं हावी हैं।

शहर की बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लंबे समय से दावे किए जा रहे हैं। बीते साल बंच केबिल डलवाई गई, लेकिन उसमें भी कई हिस्सों में जर्जर और झूलते तार छोड़ दिए गए। मोहल्ला आसफजान, सुनहरी मस्जिद चौराहा, लाल रोड, बाजार समेत कई ऐसे इलाके हैं, जहां पर बिजली के तारों के मकड़जाल फैले हुए हैं। कहीं नीचे तार लटक रहे हैं तो कहीं कोई और समस्या। इनका सुधार न होने पर पावर कॉरपोरेशन के जिम्मेदारों की कार्यशेली पर सवाल उठाए जाते हैं।


बिजली बिल जमा करने को कतार में लगे उपभोक्ताओं के ऊपर से गुजरते तार।

- **निंचाई पर खुले छोड़ दिए बिजली के तार, कई जगह ज्वाइंट पर टेपिंग भी नहीं**
- **बिजली बिल जमा करने वाली खिड़की के चंद ऊंपर भी झूल रहे तार**

> जिस जगह पर मीटर लगा है। वहां पर गेट भी लगा है। जिसे बंद रखा जाता हैं। अगर कहीं ज्वाइंट खुले हैं और तार नीचे लटक रहे है, तो इसे गंभीरता से दिखवाते हुए ठीक कराया जाएगा। – **भविष्य कुमार सकसेना,** अधीक्षण अभियंता

मगर, रोडवेज के पास स्थित पावर कॉरपोरेशन के दफ्तर का हाल तो और भी बदहाल बना हुआ हैं। यहां की तस्वीर को देखते हुए सवाल उठते हें कि ऐसे में संबंधित जिममेदारों से शहरी क्षेत्र की व्यवस्था में सुधार की उम्मीद कैसे की जाए।

परिसर में साफ सफाई को लेकर भी सिर्फ बदहाली है। आधो हिस्से में तो झाड़-झंखाड़ है। वहीं, बिजली के तार तो वहां पहुंचने वाले कर्मचारियों, उपभोक्ताओं सभी के लिए खतरा सा बने हुए हैं। ये आलम तब है जब यहां पर अधीक्षण अभियंता, एक्सईएन दो-दो अफसर बैठते हैं। बिजली बिल जमा करने वाली खिड़की के पास ही सिर के ऊपर छूकर तार गुजरते हैं। इसके अलावा नजदीक ही एक्सईएन के कार्यालय को जाने वाली रास्ता पर भी झूलते तार हैं। इसी स्थान पर जहां मीटर लगा है। वहां पर तो लापरवाही की इंतेहा है। कई तारों में ज्वाइंट हैं, उन्हें भी खुले में रखा है।

इसी के नजदीक से होकर उपभौकताओं की आवाजाही होती हे। कई बार बारिश के दिनों में बचने के लिए उपभोक्ता इसके नजदीक ही खड़े होते हैं। आगामी दिनों में मानसून की दस्तक होगी। ऐसे में अव्यव्स्थाओं का सुधार न होने पर हादसे का डर बना रहेगा। जिम्मेदार इससे अनजान बने हुए हैं। उसका सुधार कराने की अभी तक जहमत नहीं उठाई गई है।


एक्सईएन दफ्तर के पास की गैलरी में जर्जर और झूलते खुले तार।


आवास विकास से वन विभाग कॉलोनी की तरफ जर्जर पोल।


इस तरह खुले तारों के पास से होकर गुजरते हैं लोग।

### कई बार हो चुकी शिकायत, नहीं सुधारा जर्जर पोल

एक तरफ पावर कॉरपोरेशन के अफसर जर्जर पोल बदलने के लिए टेंडर किए जाने की बात कह रहे हैं। करीब 175 पोल बदलने की बात कही जा रही है। मगर, कई जगह शिकायतों के बाद भी सुधार नहीं है। सभासद विपिन गंगवार ने सूचनाओं के आदान प्रदान के लिए बनाए गए विभागीय ग्रुप पर संजीदगी पर सवालन उठाए। उनका कहना था कि आवास विकास कॉलोनी से वन विभाग की कॉलोनी की तरफ टूटे हुए पोल की कई बार शिकायत की गई। नगरपालिकाध्यक्ष की ओर से भी कहा गया लेकिन सुधार नहीं हुआ। सवाल उठाए कि इससे दुर्घटना हुई तो जिममेदार कौन होगा?

## तेज हवा चलते ही लाइन में खराबी और बिजली गुल

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार :** तेज हवा चलते ही एक बार फिर बिजली व्यवस्था लड़खड़ा गई। कस्बे के आधे हिस्से के साथ ही आधा दर्जन से अधिक गांव में सात घंटे तक बिजली गुल रही। मुख्य लाइन में आई खराबी को दूसरे दिन ठीक कराकर सप्लाई चालू कराई गई।

बता दें कि बुधवार देर रात करीब 12 बजे अचानक तेज हवा चली। बीसलपुर मार्ग पर कब्रिस्तान के पास लगे विद्युत ट्रांसफार्मर से कस्बे के मोहल्ला कहरान, मोहल्ला ठाकुरद्वारा, वार्ड नंबर दो के साथ ही पुरनापुर, गाजीपुर कुंडा, बहादुरपुर हुक्मी, नकटा उर्फ मुरादाबाद, मचवाखेड़ा, ज्योरह कल्यानपुर गांव को विद्युत आपूर्ति सप्लाई की जाती है। इस मेन लाइन में तेज हवा चलने के

- **दूसरे दिन टीम ने पहुंचकर कराया सुधार, चालू हुई सप्लाई**

बाद खराबी आ गई और बिजली गुल हो गई। गुरुवार सुबह टीम ने लाइन को चेक किया और खराबी को दूर कराया। तब जाकर सुबह करीब सात बजे विद्युत आपूर्ति शुरू हो सकी। इसके अलावा जिला मुख्यालय स्थित विद्युत केंद्र से बरखेड़ा उपकेंद्र को आने वाली 33 केवीए मुख्य लाइन में भी खराबी रही।

जिसके चलते रातभर बिजली गुल रही। अन्य गांवों में भी तारों के टूटने और फाल्ट से व्यवस्था लड़खड़ाई रही। परानपुर, बरखड़ी, परसिया, बुहिता, जादौपुर, रुरिया, पुरैनिया रामगुलाम, टेढ़ा लेखराज, ईटारोडा, नरायनपुर आदि में भी बिजली की समस्या बनी रही।


बिजली के तार पर गिरी पेड़ की टहनी। ● अमृत विचार

# रोडवेज कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन कर की नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित न किए जाने के विरोध में प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई। सरकार से संगठन की ओर से पूर्व में रखी जा चुकी संबंधित मांगों पर त्वरित विचार करने की मांग की गई।

गुरुवार दोपहर को भोजन अवकाश के वक्त पीलीभीत रोडवेज वर्कशॉप गेट पर उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी कल्याण संघ के पदाधिकारी और सदस्य जमा हुए। उन्होंने संविदा कर्मचारियों-आउटसोर्स कर्मियों को नियमित न किए जाने पर अपना विरोध प्रकट किया। प्रदेश में चल रहे डग्गामार वाहनों के विरोध में गेट मीटिंग कर विरोध प्रदर्शन किया और नियमित कर्मचारियों को लाभ होने के बावजूद महंगाई भत्ता समय से ना लगाने पर भी रोष जताया। विरोध प्रदर्शन करने वालों में शाखा अध्यक्ष सरवन कुमार, शाखा मंत्री शिव प्रकाश, कपिल राज पाठक, मुकेश कुमार कनौजिया, मोबिन, विक्की कुमार, ओम प्रकाश, सुनील कुमार, खेमचंद, विनोद कुमार, रामेश्वर, चमन कुमार आदि कर्मचारी मौजूद रहे।


डिपो परिसर में वर्कशॉप के बाहर प्रदर्शन करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

- **संविदा-आउटसोर्स कर्मियों को नियमित नहीं करने पर जताया विरोध**

## पहले किया प्रेम विवाह, फिर ससुराल से निकाला

**पीलीभीत, अमृत विचार :** प्रेम विवाह के बाद विवाहिता को पीटकर ससुराल से निकाल दिया गया। आरोप है कि पिटाई से उसका गर्भपात भी हो गया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पलिया लखीमपुर खीरी क्षेत्र के एक युवक से वर्ष 2022 में संपर्क हो गया था। 10 जुलाई 2024 को दोनों परिवारों की सहमति से उसकी शादी हो गई। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही दहेज में 10 लाख रुपये और कार की मांग को लेकर मारपीट की जाने लगी। पेट पर लात मारने से उसका गर्भ भी गिर गया। जून 2025 में उसको ससुराल से पीटकर निकाल दिया गया। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# मेडिकल कॉलेज में एलर्जी जांच की नई सुविधा शुरू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** त्वचा पर बार-बार खुजली, लाल चकत्ते, जलन या दाने निकलने जैसी समस्याओं से परेशान मरीजों के लिए मेडिकल कॉलेज में सुविधा मिल सकेगी। मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला चिकित्सालय के चर्म रोग विभाग में अब पैच टेस्ट सुविधा शुरू कर दी गई है। इस जांच के जरिए मरीजों को यह पता लगाया जा सकेगा कि आखिर उन्हें किस चीज से एलर्जी हो रही है। खास बात यह है कि यह सुविधा मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। जल्द ही मरीजों की जांच शुरू कर दी जाएगी।

मेडिकल कॉलेज की ओर से लगातार स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। ब्लड से संबधित होने वाली लगभग सभी जांचे मेडिकल कॉलेज में

- **पैच टेस्ट से त्वचा पर होने वाली एलर्जी की होगी पहचान**
- **निजी लैबों में जांच को खर्च करने पड़ते थे हजारों रुपये**

शुरु कर दी गई है।यहां तक की अब कैंसर तक की जांच की जा रही है। जिसके बाद अब चर्म विभाग का विस्तारीकरण करते हुए एलर्जी का पता लगाने के लिए पैच टेस्ट शुरु किया है। इसको लेकर मशीन भी खरीद ली गई है। जिसका ट्रॉयल करने के बाद जांच शुरु कर दी जाएगी।

चर्म रोग विभागाध्यक्ष डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि पैच टेस्ट के दौरान मरीज की पीठ पर अलग-अलग एलर्जी पैदा करने वाले तत्व लगाए जाते हैं। इन्हें विशेष पैच के माध्यम से त्वचा पर चिपकाकर 48 से 72 घंटे तक प्रतिक्रिया देखी जाती है। यदि किसी जगह लाल निशान, खुजली, सूजन या चकत्ते दिखाई देते हैं तो उसी पदार्थ से एलर्जी की पुष्टि हो जाती है। उन्होंने बताया कि कई मरीज लंबे समय तक त्वचा संबंधी समस्याओं से परेशान रहते हैं, लेकिन बीमारी की असली वजह सामने नहीं आ पाती। ऐसे में यह जांच काफी मददगार साबित होगी।

मेडिकल कॉलेज में यह सुविधा शुरू होने से जिले और आसपास के मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। डॉ. सिंह ने बताया कि जांच के दौरान मिलने वाले आंकड़ों का अध्ययन कर विभाग की ओर से विस्तृत रिपोर्ट भी तैयार की जाएगी। इसमें यह उल्लेख किया जाएगा कि जनपद में किस प्रकार की एलर्जी अधिक देखने को मिल रही है, किन तत्वों से लोगों में त्वचा संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं और शरीर के किस हिस्से पर इसका सबसे अधिक प्रभाव पड़ रहा है। इससे भविष्य में एलर्जी से बचाव और उपचार की बेहतर रणनीति तैयार करने में मदद मिलेगी। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने भविष्य में चर्म रोग विभाग में नई जांच और उपचार सुविधाएं शुरू करने की योजना भी बनाई है।

प्राचार्या डॉ. संगीता अनेजा ने बताया कि चर्म रोग विभाग में डर्मेटोलॉजिकल सर्जरी, हिस्टोपैथोलॉजिकल एग्जामिनेशन व पिग्मेंटरी क्लीनिक जैसी आधुनिक सुविधाएं शुरू करने की योजना है। इन सेवाओं के शुरू होने से त्वचा रोगों की जांच और उपचार की उन्नत सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे मरीजों को बड़े शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा।

चर्म विभाग में एलर्जी की जांच करने के लिए पैच टेस्ट शुरु किया गया है। इसको लेकर जांच संबधित उपकरण आ गए है।

## डीजे पर हुई कहा-सुनी के बाद युवक को पीटा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के छत्रपति शिवाजी कॉलोनी निवासी दीनदयान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 13 मई को रात करीब साढ़े 11 बजे वह और उसका पुत्र राजन अपने साढ़ू फूलचंद के यहां गुटेहना गांव में आयोजित शादी समारोह में गए थे। डीजे पर डांस करते हुए उसके पुत्र की राकेश नाम के युवक से कहासुनी हो गई। आरोपी ने उसके पुत्र के साथ गाली गलौज करना शुरू कर दी। कुछ देर बाद आरोपी ने लाठी, डंडो से उसके पुत्र पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। जब आसपास के लोग बचाने आए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# फिल्मी अंदाज में बिचौलिये को पकड़ा, थाने ले जाकर की पूछताछ

संवाददाता, घुंघचिहाई

**अमित विचार :** जमीन की खरीद-फरोख्त के नाम पर की गई 1.29 करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में विवेचना कर रही पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया। बताते हैं कि उसी के द्वारा जमीन का सौदा कराया गया था। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई और फिर छोड़ दिया गया। इधर, फिल्मी अंदाज में हुई धरपकड़ को लेकर स्थानीय लोगों और राहगीरों में तमाम तरह की चर्चाएं रही।

बता दें कि बदायूं के थाना

- **जमीन दिलाने के नाम पर 1.29 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला**

बिसौली क्षेत्र के ग्राम कोट के निवासी अनिकेत की ओर से 16 मार्च को छह आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

आरोप था कि जमीन की सौदेबाजी के दौरान आरोपियों ने 1.29 करोड़ रुपये ले लिए और बाद में किसी अन्य को जमीन का बैनामा करा दिया। इसकी विवेचना पुलिस कर रही है। इस खरीद फरोख्त में बिचौलिये की भूमिका एक युवक द्वारा निभाए जाने की जानकारी पुलिस को मिली। इस पर पुलिस उस तक पहुंचने की तैयारी में थी। तभी बुधवार को पुलिस को सूचना मिली कि वह क्षेत्र में आया हुआ है। इस पर पुलिस ने घेराबंदी की और हिरासत में लेकर थाने आई। इधर, फिल्मी अंदाज में युवक को पकड़ने से राहगीरों में किसी बड़े अपराधी की धरपकड़ का शोर मचा रहा।

इंस्पेक्टर जयशंकर सिंह ने बताया कि धोखाधड़ी के एक मामले में युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई थी। इसके बाद उसे छोड़ दिया गया था।

## बाइक खड़ी करने को लेकर मारपीट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती निवासी नरसिंह कटियार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र अभिनव कटिहार 6 मई को शाम सात बजे ट्यूशन पढ़ने आर्य समाज मंदिर के पास गया हुआ था। उसने अपनी बाइक खड़ी कर दी थी। तभी पराग पान वाले ने बाइक खड़ी करने को लेकर उसके साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर आरोपी ने अपने अपने साथी दीपू और तीन चार व्यक्तियों के साथ उसके पुत्र के साथ काफी मारपीट की। जिससे वह घायल हो गया। जानकारी होने पर जब वह वहां पहुंचा तो आरोपियों उसके साथ भी गाली गलौज करते हुए मारपीट और जान से मारने की धमकी दी।

# तारों से निकली चिंगारी से उपलों की बठिया में लगी आग, हड़कंप

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार :** ग्यारह हजार केवी लाइन में शार्ट सर्किट होने के बाद तारों में आग लग गई। इसके निकली चिंगारी से पांच ग्रामीणों के उपलों की बठिया में आग लग गई।

हादसा क्षेत्र के गांव नवादा महेश से थोड़ी दूरी पर पर बरखेड़ा बीसलपुर मुख्य मार्ग पर हुआ। इस मार्ग के किनारे कंपोजिट विद्यालय के पास से बरखेड़ा विद्युत उपकेंद्र से निकली 11 हजार केवीए की विद्युत लाइन टिकरी होते हुए कई गांवों को गई है। कंपोजिट विद्यालय के पास ही कुछ ग्रामीणों ने उपलों की बठिया लगा रखी है। गुरुवार सुबह करीब सात बजे बिजली की लाइन में शार्ट सर्किट होने से निकली चिंगारी से उपलों के बठिया में आग लग गई। कुछ ही देर में आग भीषण हो गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए ओर बमुश्किल आगपर काबू किया। हालांकि तब तक काफी नुकसान हो चुका था। गांव के ही राजकुमार सक्सेना, मिड़ईलाल, महेंद्रपाल, दनसुख, श्रीपाल के उपलों के ढेर राख हो गए।


उपलों के ढेर में लगी आग को बुझाते ग्रामीण। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार



**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना पढुआ के प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस ने जानलेवा हमले में फरार चल रहे कोतवाली तिकुनिया के गांव खैरटिया निवासी जगदीप सिंह को ढखेरवा-गजियापुर मार्ग से गिरफ्तार किया है। पुलिस वर्ष 2025 में दर्ज हुए एक जानलेवा हमले के मामले में आरोपी की तलाश कर रही थी। आरोपियों का चालान भेजा है।

### शराब के नशे में पत्नी से मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** पलिया कस्बे के कृष्णानगर निवासी नत्थूलाल गुप्ता ने बताया कि उनकी पुत्री आरती की शादी करीब 35 वर्ष पहले मोहल्ला रंगरेजान-2 निवासी मनोज गुप्ता से हुई थी। उनके कई बच्चे भी हैं। आरोप है कि मनोज गुप्ता शराब के नशे में अक्सर पत्नी आरती से गाली-गलौज और मारपीट करता रहता था। बुधवार को करीब ढाई बजे आरोपी ने आरती के साथ फिर मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई निशा शुक्ला को सौंपी है।

### जमीन के विवाद में मारपीट तहसील कर्मी पर भी रिपोर्ट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना फूलबेहड़ के गांव मौजमाबाद निवासी टोम सिंह ने बताया कि उनके बड़े भाई बिजेंद्र कुमार तहसील सदर में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं और उनके हिस्से की जमीन जोतते हैं। जब उन्होंने अपनी जमीन वापस देने की बात कही तो बिजेंद्र कुमार और उनके पुत्र कमल सिंह व आशीष कुमार गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बीडीओ महावीर सिंह को कुंभी का अतिरिक्त चार्ज

**भीरा, अमृत विचार :** बिजुआ के खंड विकास अधिकारी महावीर सिंह को कुंभी गोला का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। उन्होंने ग्रहण भी कर लिया है। कुंभी के खंड विकास अधिकारी संतोष कुमार सिंह को पदोन्नति होने पर जिला विकास अधिकारी प्रतापगढ़ के पद पर शासन स्तर से भेजे जाने से यह पद रिक्त चल रहा था।

## पीओएस मशीन सही न चलने पर होती है दिक्कत

# यूरिया की किल्लत से किसान परेशान, अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**

**अमृत विचार :** अप्रैल से ही तहसील क्षेत्र की सहकारी समितियों पर यूरिया खाद का टोटा हो गया है, जबकि अभी यूरिया की 50 प्रतिशत ही मांग है। गन्ने की पौधा और पेड़ी में खाद पड़ रही है। जून और जुलाई में खाद की अधिक मांग बढ़ती है, लेकिन अधिकारियों की उदासीनता से पर्याप्त भंडारण ने किए जाने पर अभी से किल्लत हो गई है। पीओएस मशीन के सही न चल पाने पर खाद होते हुये भी वितरण नहीं हो पा रहा है।

वर्तमान समय में अधिकांश यूरिया खाद गन्ने में डाली जा रही है, जबकि पर्याप्त मात्रा में लगने वाले धान की अभी रोपाई तक नहीं हुई है। साठा धान आंशिक रूप से लगा हुआ है, उसमें भी यूरिया खाद पड़ रही है। ऐसे समय में एक माह से यूरिया की किल्लत से अधिकारियों की उदासीनता प्रतीत होती है। किसानों का कहना है की प्रतिवर्ष मांग से 10 फीसदी बढ़ाकर भंडारण अगर पहले से ही कर दिया जाए तो खाद की यह दिक्कत नहीं होगी।




खाद का वितरण न होने से सूनी पड़ी रोशननगर समिति। ● अमृत विचार



सिसांवा कला निवासी किसान विद्या प्रकाश वर्मा ने बताया कि समिति पर काफी समय से यूरिया खाद उपलब्ध ही नहीं है। वह रोजाना समिति पर आकर जानकारी कर रहे हैं। यूरिया खाद न मिलने से गन्ने की फसल बर्बाद हो रही है। **-विद्या प्रकाश वर्मा।**



वृंदावन के किसान इंद्रसेन ने बताया कि यूरिया खाद लेने समिति पर आये थे। समिति पर यूरिया उपलब्ध है पर सचिव दीप सिंह यादव ने कह दिया कि डीडी नम्बर नही चढ़ा है। इसलिए वितरण नही हो पाई। इस पर मायूस होकर लौटना पड़ता है। **-इंद्रसेन।**

### बी-पैक्स समिति निपनिया में बंटी यूरिया खाद




**केशवापुर, अमृत विचार :** रजागंज स्थिति बी पैक्स केंद्र निपनिया में काफी दिनों बाद एक ट्रक यूरिया मिल सकी थी, जिसे वितरित कर क्षेत्र के किसानों के जख्मों पर मरहम लगाने का काम किया गया। हालांकि समिति की मांग से यह काफी कम है। यूरिया उर्वरक कई समितियों पर उपलब्ध नहीं है, जिससे यूरिया की मारामारी तेज हो गई है और किसान लाइनों में खड़े देखे जा रहे हैं। निपनिया के सचिव दीनानाथ यादव ने बताया एक ट्रक यूरिया मिली थी, जिसे करीब 200 किसानों को ही वितरित किया जा सका है। डिमांड लगी है, यूरिया मिलने पर वितरित किया जाएगा। केशवापुर के निकटवर्ती इलाकों की सहकारी समितियों भल्लिया बुजुर्ग, जलालपुर, सिसांवा कला में यूरिया उपलब्ध न होने से क्षेत्र के किसान परेशान हैं। कुछ किसान महंगे दामों पर प्राइवेट दुकानदारों से यूरिया खरीद रहे हैं।

क्षेत्र के किसान प्राइवेट दुकानों की अपेक्षा सहकारी समितियों और गन्ना समितियों के खाद गोदाम पर विश्वास रखते हैं।

गन्ना समिति के खाद गोदाम की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। देखरेख और मरम्मत के अभाव में तमाम खाद गोदाम ऐसे हैं जिनमें खाद का भंडारण ही नहीं हो रहा है, जबकि सबसे ज्यादा खाद गन्ने में ही पड़ती है। गन्ना समिति के गोदाम अगर पर्याप्त खाद की व्यवस्था कर लें तो सहकारी समितियों पर लगने वाली भीड़ में भी कमी आएगी। इससे कर्मचारियों को अपने अन्य विभागीय कार्य ऋण वितरण और वसूली करने में भी सहूलियत मिलेगी, लेकिन अधिकारियों का इस ओर ध्यान नहीं है, मजबूरन किसान परेशान हो रहे हैं।

रोशननगर में स्थानीय सहकारी समिति पर यूरिया खाद उपलब्ध है, पर वितरण न होने से किसानो को खाली हाथ लौटना पड़ता है। उनका कहना है कि इस समय खाद की आवश्यकता तब यूरिया नहीं मिलती। समिति पर यूरिया होने के बावजूद वितरण नहीं की, जबकि समिति पर यूरिया, एनपीके उपलब्ध है। समिति के सचिव दीप सिंह यादव ने बताया कि मंगलवार को एक ट्रक खाद यूरिया आई थी, जो मशीन पर फीड नहीं हुई है। फीड होने पर तुरन्त वितरण किया जाएगा। बी पैक्स के कई सचिवों ने बताया कि खाद का वितरण पीओएस मशीन से ही करने की बाध्यता जब से कर दी गई है तब से दिक्कत आने लगी है।

### प्रिया की मौत में पति और ससुर गिरफ्तार

**फूलबेहड़, अमृत विचार:** स्थानीय पुलिस ने मौजमाबाद निवासी प्रिया की मौत के मामले में पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों का चालान कर कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

गांव मौजमाबाद निवासी प्रिया शुक्ला की 11 मई को संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। भाई ने दहेज की खातिर पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने पति, ससुरा आदि ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने पति मंयक शुक्ला और ससुर कृष्ण कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि ससुराल पक्ष लगातार दहेज की मांग को लेकर उसकी बहन को प्रताड़ित करता था। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों का चालान कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से अदालत ने दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा है।

### डीएम की सख्ती पेट्रोल पंप एनओसी प्रक्रिया होगी और तेज

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** जिले में पेट्रोल पंप स्थापना से जुड़े मामलों में अब देरी बर्दाश्त नहीं होगी। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने ऑयल कंपनी के अधिकारियों, आवेदकों तथा एनओसी जारी करने से जुड़े सभी विभागों के साथ समीक्षा बैठक कर पूरी प्रक्रिया को समयबद्ध और पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए।

बैठक का संचालन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने किया। बैठक में डीएम ने स्पष्ट कहा कि एनओसी निर्गत करने में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और सभी प्रक्रियाएं निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरी हों।

डीएम ने ऑयल कंपनी के प्रतिनिधियों और आवेदकों की समस्याएं भी सुनीं तथा उनके समाधान के लिए विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। कहा कि एनओसी से जुड़े सभी प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

# लापरवाही: अवैध कट के शॉर्ट कट से जोखिम में जान

## सीतापुर हाईवे पर हादसे का कारण बन रहे आठ से दस फिट के अवैध कट

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर बने अवैध कट लगातार हादसों को दावत दे रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। डिवाइडर में जगह-जगह बनाए गए अवैध कटों से लोग बेधड़क वाहन निकाल रहे हैं, जिससे हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। सड़क हादसों में कमी लाने के उद्देश्य से तत्कालीन जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने जोन ऑफ एक्सीलेंस अभियान शुरू किया था, लेकिन यह मुहिम लोक निर्माण विभाग की लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है।

शहर के एलआरपी चौराहे से लेकर ओयल क्षेत्र के मोतीपुर मोड़ तक अब भी कई अवैध कट मौजूद हैं। इन कटों की चौड़ाई करीब आठ से दस फीट तक है, जिनसे वाहन चालक गलत दिशा में निकलते रहते हैं और हादसों की आशंका बनी रहती है। तत्कालीन डीएम ने सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए हाईवे समेत अन्य मार्गों पर बने अवैध कटों को बंद कराने और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए थे। अभियान का उद्देश्य दुर्घटनाओं के शॉर्टकट बन चुके इन कटों को समाप्त करना था। हालांकि, एक वर्ष बीत जाने के बाद भी पीडब्ल्यूडी के जिम्मेदार अधिकारियों ने सभी अवैध कटों को बंद कराना जरूरी नहीं समझा।



हाईवे पर मोहम्मदाबाद गांव के आगे बना अवैध कट। ● अमृत विचार

यही कारण है कि एलआरपी चौराहे से मोतीपुर जिला अस्पताल तक करीब 15 किलोमीटर के दायरे में आज भी तीन से चार बड़े अवैध कट खुले हुए हैं, जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। प्रदेश के 20 सर्वाधिक हादसे वाले जिलों में अपना जिला भी शामिल है। हालांकि इसमें नंबर एक पर हरदोई जिला है तो वहीं 11वें नंबर पर लखीमपुर खीरी है। एक आंकडे. के मुताबिक गत वर्ष जिले में 774 सड़क हादसों में 525 लोगों की जान चली गई।

वहीं इस बाबत डीएम अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि हादसों को रोकने के लिए नेशनल हाइवे पर अवैध कट बंद कराए जाएंगे। नेशनल हाइवे पर जुगाड़ कर आरपार जाने का रास्ता बनाना अनुचित है। जिम्मेदारों को इस पर ध्यान देना चाहिए और कार्रवाई करनी चाहिए। जल्द ही वह खुद निरीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई करेंगे



मोतीपुर गांव की मोड़ से पहले पेट्रोल पंप के सामने स्थित अवैध कट। ● अमृत विचार

### पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने किए थे लंबे चौड़े दावे

पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार यादव ने जोन ऑफ एक्सीलेंस के तहत सड़क किनारे का अतिक्रमण हटवाना, इस एरिया में होने वाली दुर्घटनाओं पर नियंत्रण, सड़कों पर अनधिकृत कब्जे रोकना, डिवाइडरों के अवैध कट बंद कराने के लंबे चौड़े दावे किए थे। मगर, हकीकत में यह दावे रात गई बात गई की तरह होकर रह गए। यही वजह है कि एक साल बीत जाने के बाद भी हाइवे के कई कट अब तक बंद नहीं हुए।

### तेज रफ्तार बाइक हाईवे पर पलटी युवक घायल

**मझगई, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में बुधवार शाम एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गई, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

कस्बा नौगवा निवासी रूप कुमार का 18 वर्षीय पुत्र शनि किसी काम से मझगईं गया था। देर शाम काम निपटाकर वापस घर लौटते समय मझगईं थाने के पास सामने से आ रहे वाहनों की तेज रोशनी उसकी आंखों पर पड़ गई, जिससे बाइक असंतुलित होकर हाईवे पर पलट गई। हादसे में शनि गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही 112 पुलिस मौके पर पहुंची। युवक की हालत गंभीर देखते हुए पुलिसकर्मियों ने एम्बुलेंस का इंतजार किए बिना अपने वाहन से उसे सीएचसी पलिया पहुंचाया, जहां उसका उपचार शुरू किया गया। थाना प्रभारी अनिल कुमार पंकज ने बताया कि गाड़ियों की लाइट पड़ने से युवक संतुलन खो बैठा।

# ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार किशोर की मौत

**संवाददाता, धौरहरा**

- **बिना बताए घर से निकले थे चार दोस्त, तीन घायल**

**अमृत विचार :** ईसानगर थाना क्षेत्र में बुधवार देर शाम ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार एक किशोर की मौत हो गई, जबकि उसके तीन दोस्त घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



मृतक शिव शंकर।

हादसा ईसानगर-हसनपुर कटौली मार्ग पर चहलार गांव के पास हुआ। ईसानगर कस्बा निवासी शिवदत्त तीन दोस्तों के साथ रिश्तेदार की बाइक लेकर निकला था। चारों बिना घर पर बताए घूमने निकले थे। इसी दौरान हसनपुर कटौली की ओर से आ रही ट्रैक्टर- ट्रॉली से उनकी बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में शिव शंकर (16) पुत्र दिनेश, शिवदत्त (18) पुत्र बाबूराम, बालवीर (13) पुत्र स्वर्गीय रामगोपाल निवासी ईसानगर कस्बा और अनतलब (12) पुत्र शकील निवासी शिवपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार बाइक शिवदत्त चला रहा था और चारों में से किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची ईसानगर पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। वहां शिव शंकर की हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बाकी तीन घायलों का इलाज जारी है। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

# ट्रक में घुसी तेज रफ्तार बाइक, धू-धू कर जले दोनों वाहन

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार :** पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे पर राजापुर पुलिस चौकी के निकट बुधवार आधी रात एक भीषण हादसे ने सनसनी फैला दी। ट्रक को हाईवे पर मोड़ने के दौरान तेज रफ्तार बाइक उसमें जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक ट्रक में फंस गई और घर्षण से निकली चिंगारी से दोनों वाहनों में आग लग गई। देखते ही देखते आग की ऊंची लपटें उठने लगीं और अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने कड़ी मशक्कत कर तीन घंटे बाद आग पर काबू पाया। हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसा बुधवार रात करीब 12 बजे के बाद सदर कोतवाली क्षेत्र की राजापुर चौकी के पास हुआ। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक रास्ता भटककर बहराइच की ओर पहुंच गया था। ट्रक में क्रॉकरी का सामान लदा था और वह बरेली की ओर जा रहा था। गलती का एहसास होने पर चालक राजापुर ओवरब्रिज से नीचे उतरकर ट्रक को वापस मोड़ने लगा। तभी खमरिया की ओर जा रही तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर ट्रक में जा घुसी। टक्कर के बाद बाइक सड़क पर घिसटती चली गई, जिससे निकली चिंगारी ने पहले बाइक और फिर गत्तों में भरे क्राकरी सामान से लदे ट्रक को आग की चपेट में ले लिया। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही मिनटों में दोनों वाहन धूं-धूं कर जलने लगे।



हादसे के बाद धू- धू कर जलते ट्रक और बाइक। ● अमृत विचार

- **बरात से लौट रहे बाइक सवार दो युवक घायल, भर्ती**
- **पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर राजापुर के पास हुआ हादसा**

> ट्रक मोड़ते समय बाइक अनियंत्रित होकर उसमें जा घुसी थी। हादसे में घायल दोनों युवकों का उपचार कराया जा रहा है। पुलिस ने वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। **- राजेश कुमार सिंह** शहर कोतवाल



घटनास्थल पर मौजूद लोग। ● अमृत विचार


प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सामने से आ रही एक बस भी हादसे की चपेट में आ गई, जिससे हाईवे पर अफरा-तफरी और बढ़ गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। एहतियात के तौर पर हाईवे पर यातायात रोक दिया गया, जिससे लंबा जाम लग गया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद सुबह लगभग तीन बजे आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक बाइक और ट्रक पूरी तरह जलकर खाक हो चुके थे। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। उनकी पहचान खीरी थाना क्षेत्र के गांव हजारिया निवासी अरविंद पुत्र दिग्विजय और निघासन निवासी इंदर सिंह पुत्र रामपाल के रूप में हुई है। दोनों युवक गोला में एक वैवाहिक समारोह में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं ट्रक चालक समय रहते वाहन से कूद गया, जिससे उसकी जान बच गई।

# दुधवा में टाइगर और भालू का आमना-सामना देख रोमांचित हुए सैलानी

**संवाददाता, पलिया कलां**

**अमृत विचार :** दुधवा टाइगर रिजर्व की दक्षिण सोनारीपुर रेंज में बुधवार अपराह्न जंगल सफारी के दौरान पर्यटकों को एक रोमांचक और दुर्लभ नजारा देखने को मिला। दिल्ली और लखनऊ से आए सैलानियों के सामने उस समय रोमांच चरम पर पहुंच गया, जब कच्चे वनमार्ग पर एक ओर से निकले टाइगर और दूसरी ओर से आए भालू का आमना-सामना हो गया।

खास बात यह रही कि टाइगर भालू को देखकर काफी शांत नजर आया, जबकि भालू भी उसके बेहद करीब होने के बावजूद उछलकूद करता रहा। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार सामान्यतः जंगल में बाघ की मौजूदगी का आभास होते ही अन्य वन्य जीव वहां से दूर भाग जाते हैं या झाड़ियों में छिपने का प्रयास करते हैं। अचानक सामने आए इस दुर्लभ दृश्य को देखकर जिप्सी चालक और गाइड ने पर्यटकों को शांत रहने का इशारा किया। इसके बाद सैलानियों ने टाइगर और भालू के इस रोमांचक पल को अपने कैमरों और मोबाइल फोन में कैद कर लिया।



दुधवा की दक्षिण सोनारीपुर रेंज में टाइगर के सामने उछलकूद करता भालू।

जंगल सफारी का आनंद लेने के बाद शाम को दुधवा लौटे पर्यटकों ने इस अनोखे अनुभव को अपने परिजनों और मित्रों के साथ साझा करते हुए खुशी जाहिर की।

### सीएचसी में बिना आधार, आभा आईडी के नहीं बनेंगे पर्चे

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** सीएचसी अधीक्षक गणेश कुमार ने बताया कि पहली जून से नई ओपीडी के लिए मरीज को आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर लाना जरूरी होगा। बिना आधार कार्ड के पर्चे बनना संभव नहीं होगा।

सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि आधार लिंक होने से मरीजों की बीमारी, जांच रिपोर्ट और दवाओं का पूरा डेटा ऑनलाइन दर्ज रहेगा। भविष्य में यदि मरीज को किसी बड़े अस्पताल या जिला अस्पताल में रेफर किया जाता है, तो वहां के डॉक्टर एक क्लिक पर पुरानी केस हिस्ट्री देख सकेंगे। एक बार पंजीकरण होने के बाद अगली बार मरीज केवल अपना नाम या पंजीकृत मोबाइल नंबर बताकर पुराना पर्चा निकलवा सकेंगे।

# सिंगाही में नकली नोटों का हब, नेपाल तक चल रहा था खेल

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

- **सीओ निघासन के नेतृत्व में जांच तेज, सप्लाई चेन खंगाल रही पुलिस**
- **खीरी बॉर्डर पर नकली नोटों का सिंडीकेट बेनकाब होने के करीब**

**अमृत विचार :** भारत-नेपाल सीमा से सटे खीरी जिले में नकली भारतीय नोटों का बड़ा सिंडीकेट बेनकाब होने के करीब पहुंच गया है। तिकुनिया क्षेत्र के खखरौला घाट पर हाल ही में हुई नकली करेंसी बरामदगी के बाद पुलिस, एसएसबी और खुफिया एजेंसियों ने जांच तेज कर दी है। शुरुआती जांच में ऐसे संकेत मिले हैं कि इस नेटवर्क के तार सीमाई इलाकों से लेकर नेपाल तक जुड़े हो सकते हैं।

बरामद नकली नोटों की गुणवत्ता इतनी बेहतर थी कि आम आदमी के लिए असली और नकली में फर्क कर पाना आसान नहीं था। यही वजह है कि जांच एजेंसियां इस मामले को बेहद गंभीरता से ले रही हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि नकली नोट कहां छापे जा रहे थे और उन्हें सीमाई बाजारों में किस नेटवर्क के जरिए खपाया जा रहा था। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि गिरोह लंबे समय से सिंगाही, तिकुनिया और आसपास के सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय था। स्थानीय स्तर पर कुछ लोगों की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है। पुलिस ने कई संदिग्धों को चिन्हित किया है और उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। संभावित ठिकानों पर दबिश भी दी जा रही है। खुफिया एजेंसियों को आशंका है कि नकली नोटों की सप्लाई सीमा पार से की जा रही थी, जबकि स्थानीय स्तर पर इन्हें बाजारों और छोटे व्यापारिक लेन-देन में खपाने का काम किया जाता था। जांच एजेंसियां इस नेटवर्क के मास्टरमाइंड तक पहुंचने की कोशिश में जुटी हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीमाई इलाकों में निगरानी बढ़ा दी गई है। संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और आने-जाने वाले लोगों की जांच भी तेज कर दी गई है। सीओ निघासन शिवम कुमार स्वयं पूरे मामले की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। वह लगातार विवेचक और संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेकर जांच की समीक्षा कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इस मामले में कई बड़े खुलासे हो सकते हैं और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी भी संभव है।

> अभी तक की जांच में यह सामने आया है कि इस अवैध कारोबार में सिंगाही और उसके आसपास के कुछ लोग शामिल है। कुछ संदिग्धों को चिन्हित किया गया है, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। अभी जांच चल रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। **- शिवम कुमार**, सीओ निघासन

### पांच-पांच सौ के 24 नकली नोट किये थे बरामद

बता दें कि पिछले शनिवार को तिकुनिया क्षेत्र के खखरौला घाट पर एसएसबी जवानों ने सिंगाही से कार बुक कराकर बनबीरपुर होते हुए टीकापुर (नेपाल) जा रहे सिंगाही के वार्ड नंबर 12 निवासी अनुज कुमार, वार्ड नंबर 11 निवासी आसिफ खान, वार्ड संख्या 09 निवासी मोहम्मद रफीक उर्फ बड़कन्न और गांव इसी थाना क्षेत्र के गांव अयोध्यापुरवा निवासी कमलेश उर्फ दादा को हिरासत में लिया था। जवानों ने अनुज कुमार के पास से पांच-पांच सौ रुपये के 24 नकली नोट बरामद किये थे। पूछताछ में आरोपियों ने रकम एक-दूसरे से मिलने की बात कही, लेकिन पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अब तक यह साफ नहीं कर पाईं कि आखिर इन नोटों की सप्लाई कहां से हुई और इसके पीछे कौन लोग सक्रिय हैं।

न्यूज ब्रीफ

## मदरसा में दस्तारबंदी का कार्यक्रम 18 को

**पलिया कलां, अमृत विचार :** मदरसा प्रबंधक जाकिर अली ने बताया कि गुलशन ए रजा कॉन्फ्रेंस में 12 अधिक मशहूर ओलेमा शिरकत करेंगे। कॉन्फ्रेंस 18 मई को रात्रि 10 :00 बजे से शुरू होकर देर रात तक चलेगी। जश्ने दस्तारबंदी में मदरसा में शिक्षा ग्रहण करने वाले कुल 6 बच्चों की हाफिज ए कुरान मुकम्मल होने पर दस्तार की जाएगी।

## वकील और उसके भाई से की मारपीट

**गोला गोकर्णनाथ,अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के अलीगंज निवासी अधिवक्ता अर्पित कुमार अवस्थी ने बताया कि उसका भाई संतोष कुमार 11 मई की शाम 5 .30 बजे अपने खेत पर जा रहा था। तभी रास्ते मे पड़ोसी सत्येन्द्र कुमार पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय, हर्ष देव पांडेय और छोटू शुक्ला ने जमीनी रंजिश को लेकर गाली गलौज करते हुये मारा पीटा। आसपास के लोगो के इक्टठा होने पर उसे छोडकर भाग गये। जब वह विधि व्यवसाय कर वापस आया तो रास्ते में उन लोगों ने उसके साथ भी गाली गलौज कर मारपीट की, जिससे उसके कपडे, अधिवक्ता आईडी और बैण्ड भी फट गये। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## धर्म परिवर्तन मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**फूलबेहड़ अमृत विचार :** थाना फूलबेहड़ पुलिस ने धर्म परिवर्तन से जुड़े मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान भेजा है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के ग्राम अंदेशनगर इलाके में दबिश देकर फरधान थाना क्षेत्र के ग्राम हिन्डोलना निवासी विजयपाल पुत्र पुत्तू तथा भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम बेरिहा टांडा निवासी शिवचन्दर सिंह पुत्र गजराज सिंह को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद चालान भेजा गया है।

## प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी पर भाजपा का विरोध प्रदर्शन आज

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** हमीरपुर से समाजवादी पार्टी के सांसद द्वारा प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी की ओर से शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम प्रात : 10 :30 बजे जिला पंचायत सभागार, लखीमपुर में होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी बड़ी संख्या में एकत्र होकर विरोध दर्ज कराएंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से समय से पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम के संयोजक जिला उपाध्यक्ष आशू मिश्रा होंगे, जबकि रश्मि गुप्ता, संगीता पुरी और शरद मिश्रा को सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# सिद्ध बाबा स्थान पर नौ कन्याओं का कराया सामूहिक विवाह

### समारोह में जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों ने बढ़ चढ़कर किया सहयोग

संवाददाता, मूड़ा सवारान

**अमृत विचार :** बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र के प्रसिद्ध सिद्ध बाबा स्थान परिसर रसूल पनाह में गुरुवार को नौ कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह धूमधाम और धार्मिक रीति रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। ग्रामवासियों, क्षेत्रवासियों और सामाजिक लोगों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में सुबह से ही श्रद्धालुओं और मेहमानों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। पूरे परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था विवाह समारोह को लेकर क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में नौ कन्याओं का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हिंदू रीति रिवाज के अनुसार विवाह कराया गया। आचार्य उधव श्याम तिवारी ने विधि विधान से सभी वैवाहिक रस्में संपन्न कराईं। वर वधू ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए और एक दूसरे के साथ जीवन भर साथ निभाने का संकल्प लिया। विवाह के दौरान मौजूद लोगों ने पुष्पवर्षा कर नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों ने बढ चढ़कर सहयोग किया। किसी ने खाद्यान्न उपलब्ध कराया तो किसी ने वस्त्र, बर्तन, पलंग, घरेलू सामान और अन्य जरूरत का सामान भेंट किया। लोगों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार नवविवाहित जोड़ों को दान दहेज और उपहार देकर उनके नए जीवन की शुरुआत में सहयोग किया। सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे की मिसाल बने इस आयोजन की लोगों ने सराहना की। समारोह के दौरान विशाल भंडारे की व्यवस्था भी की गई। सुबह से शुरू हुआ भंडारा देर शाम तक चलता रहा, जिसमें दूर दूर से पहुंचे लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वयंसेवक लगातार सक्रिय रहे। महिलाओं और युवाओं ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। ग्राम प्रधान पति मोहम्मद तारिक ने नवदंपतियों को उपहार भेंट कर उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की।



रसूल पनाह में रस्म अदा करते नव दांपत्य। ● अमृत विचार

● वस्त्र, बर्तन, पलंग, घरेलू सामान और अन्य जरूरत का सामान भेंट किया

उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन समाज में सहयोग और सद्भावना का संदेश देते हैं तथा जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिलती है। समारोह में सांसद उत्कर्ष वर्मा, पूर्व विधायक विनय तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, पूर्व सांसद रविप्रकाश वर्मा, नकहा ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, बिजुआ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि वीरेंद्र भूषण, जिला पंचायत सदस्य शिवनंदन वर्मा, विधायक अमन गिरि, गोला पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, डॉ. कौशल वर्मा समेत कई लोगों ने मौके पर पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अतिथियों ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अपरा एकादशी पर संकीर्तन में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**गोला गोकर्णनाथ अमृत विचार:** कंजा बाबा देवस्थान स्थित खाटू श्याम मंदिर में अपरा एकादशी पर श्रीश्याम दीवाने सेवा समिति द्वारा आयोजित भव्य संकीर्तन में भजनों पर देर शाम तक श्रद्धालु झूमते, गाते रहे।

अपरा एकादशी पर खाटू श्याम संकीर्तन का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। भजन गायक अजय गुप्ता और शिवम गुप्ता ने ओ सांवरे मुझे तेरी जरूरत है, हारा हूं बाबा पर तुझ पर भरोसा है, राधे तेरी चुनरी सितारों जड़ी, श्याम मेरा खाटू वाला, गजब मेरा खाटू वाला, काली कमली वाला मेरा यार है आदि गाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। फूलों से सजे बाबा के अलौकिक दरबार और इत्र की मनमोहक सुगंध ने वातावरण को दिव्य बना दिया। पुजारी संतोष पाठक ने बताया कि ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की इस एकादशी का व्रत करने से एक हजार गोदान के समान फल मिलता है और विष्णुलोक में स्थान प्राप्त होता है। समापन बाबा की आरती और प्रसाद वितरण से हुआ। समिति के अध्यक्ष दीपक राजपूत, महामंत्री अजय गुप्ता, संरक्षक अनिल जलोटा, संजू गुप्ता, अनिरुद्ध गुप्ता, शिवम गुप्ता, मीडिया प्रभारी सुधीर गुप्ता, आशुतोष रस्तोगी, सुमित राठौर आदि सेवादार मौजूद रहे।

## गोला में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण 17 से

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● डिजिटल लर्निंग प्रमाणपत्र के बिना कार्यकर्ताओं को नहीं मिलेगा प्रवेश

● 17 व 18 को होगी पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला

**अमृत विचार :** गोला में 17 और 18 मई को आयोजित होने वाली भाजपा की दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेने के लिए कार्यकर्ताओं को डिजिटल लर्निंग प्रमाणपत्र अनिवार्य रूप से प्राप्त करना होगा। इसके बिना किसी भी कार्यकर्ता को प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रवेश नहीं मिलेगा।

यह जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में दी। उन्होंने बताया कि पार्टी द्वारा निर्धारित नियमों के अनुरूप ही जिले के पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य एवं पात्र कार्यकर्ताओं को ही प्रशिक्षण में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी। दो दिवसीय कार्यशाला में कुल 11 सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रतिभागियों को रात्रि विश्राम भी करना होगा। कार्यशाला के जिला संयोजक एवं भाजपा महामंत्री अनुराग मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद रेखा अरुण वर्मा, प्रदेश महामंत्री एवं सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा सहित प्रदेश स्तर के कई वरिष्ठ नेता प्रशिक्षण देंगे और विभिन्न सत्रों में सहभागिता करेंगे। कार्यशाला में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विकास योजनाओं, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। अनुराग मिश्रा ने बताया कि डिजिटल लर्निंग मॉड्यूल में भाग लेकर परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद ही प्रतिभागियों का पंजीकरण पूर्ण माना जाएगा। इसके लिए 200 रुपये शुल्क भी जमा करना होगा।

जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र मिश्र ने बताया कि कार्यशाला का उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा करेंगे।

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला स्तर पर लगातार बैठकें की जा रही हैं और कार्यकर्ताओं के ऑनलाइन पंजीकरण कराए जा रहे हैं। कहा कि केवल पात्र एवं पंजीकृत कार्यकर्ताओं को ही प्रवेश मिलेगा, इसलिए इच्छुक कार्यकर्ता समय रहते अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अवश्य करा लें।

# 1717 छात्रों ने दी सम सेमेस्टर परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित माहौल में संपन्न हुईं। दोनों पालियों में कुल 1750 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1717 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 33 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की अव्यवस्था या अनुचित साधनों के प्रयोग की शिकायत सामने नहीं आई।

प्रथम पाली में बीए छठे सेमेस्टर की राजनीति विज्ञान एवं बीकॉम छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं आयोजित हुईं। राजनीति विज्ञान विषय में पंजीकृत 430 परीक्षार्थियों में से 415 उपस्थित रहे, जबकि 15 अनुपस्थित रहे। वहीं बीकॉम छठे सेमेस्टर में 209 में से 208 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। द्वितीय पाली में बीए चतुर्थ सेमेस्टर की को-करिकुलर परीक्षा संपन्न हुई। इसमें पंजीकृत 1111 परीक्षार्थियों में से 1094 ने परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षार्थियों ने अनुशासन एवं मर्यादा का पालन किया तथा किसी भी छात्र को अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए नहीं पाया गया। मुख्य अनुशासक डॉ. अमित सिंह ने बताया कि महाविद्यालय प्रशासन परीक्षा की निष्पक्षता एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने परीक्षा कार्य में लगे शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि सभी के समन्वित प्रयासों से परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रही हैं।



परीक्षा शुरू होने से पहले कतारबद्ध परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

● युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुई परीक्षा

## सीडीओ ने लिलौटी नाथ मंदिर का किया भ्रमण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** लिलौटी नाथ मंदिर अब विकास और सौंदर्यीकरण की नई राह पर बढ़ेगा। सीडीओ अभिषेक कुमार ने गुरुवार को लिलौटी नाथ मंदिर का निरीक्षण कर परिसर के समग्र कायाकल्प की दिशा में जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ आसपास की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने पर विशेष जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने मंदिर परिसर से लेकर आसपास के क्षेत्र तक व्यवस्थाओं की बारीकी से पड़ताल की। उन्होंने नदी की सफाई कर उसे स्वच्छ व अविरल बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि जलभराव की समस्या खत्म हो सके और आस्था का यह स्थल और अधिक आकर्षक बन सके। श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए सीडीओ ने बैठने की उचित व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालय निर्माण तथा मार्गों पर स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश बीडीओ फूलबेहड़ को दिए।

उन्होंने कहा कि मंदिर आने वाले हर श्रद्धालु को सुविधा और सुरक्षा दोनों का अनुभव मिलना चाहिए। सीडीओ अभिषेक कुमार ने महंत, पुरोहित एवं स्थानीय लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। इस दौरान यह तथ्य सामने आया कि मंदिर की कोई स्थायी समिति नहीं है और वर्तमान में अस्थायी व्यवस्था के तहत ही संचालन हो रहा है। पार्किंग स्थल पर पेयजल हेतु सरकारी नल की मांग भी रखी गई।

निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने साफ-सफाई व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एडीओ पंचायत को नियमित सफाई व झाड़ियों की छंटाई के निर्देश दिए।

निरीक्षण के समय पीडी एसएन चौरसिया, बीडीओ फूलबेहड़ सुमित कुमार सिंह, एडीओ पंचायत, सचिव ग्राम प्रधान लखविंदर सिंह मौजूद रहे।



लिलौटी नाथ मंदिर परिसर में जानकारी लेते सीडीओ अभिषेक कुमार।

● सौंदर्यीकरण के साथ आसपास की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने पर जोर

## सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य मंदिर निर्माण में किया योगदान



गोला में टीम को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित करते डॉ. कौषल वर्मा।

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य का जिले में पहला भव्य मंदिर निर्माण कराने बाले समर्पित युवाओं की टीम से मिलकर डॉ. कौशल वर्मा ने योगदान कर टीम को शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया है। डॉ. कौशल वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष रमाकांत मौर्य, मंडल अध्यक्ष लखनऊ सोबरन लाल मौर्य, जिला प्रभारी तोताराम मौर्य, जिलाध्यक्ष पंकज कुमार मौर्य आदि मौजूद रहे।

# पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान को लेकर डीएम ने ली बैठक

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** जिले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने के लिए शासन के निर्देश पर प्रशासन ने अब प्राचीन पांडुलिपियों की खोज शुरू कर दी है। राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अधिकारियों, डिग्री कॉलेजों और संस्कृत विद्यालयों के प्रधानाचार्यों संग वर्चुअल बैठक कर अभियान को मिशन मोड में चलाने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि गांवों से लेकर नगर निकायों तक मंदिर, मठ, आश्रम, गुरुकुल, संस्कृत पाठशालाओं, पुस्तकालयों, संग्रहालयों और निजी संस्थानों में संरक्षित प्राचीन पांडुलिपियों की पहचान कर उनकी जानकारी जुटाई जाए। इससे जिले की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के साथ उसका डिजिटलीकरण भी संभव हो सकेगा। बैठक में पांडुलिपि की परिभाषा समझाते हुए बताया गया कि यह हाथ से लिखी गई मूल रचना होती है, जो कागज, ताड़पत्र, भोजपत्र या कपड़े पर तैयार की जाती थी। प्राचीन काल में ज्ञान, धर्म, साहित्य और विज्ञान के संरक्षण का यह प्रमुख माध्यम रही हैं। सीडीओ अभिषेक कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वेक्षण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए और अधिक से अधिक पांडुलिपियों का विवरण जुटाया जाए। इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए प्रशासन द्वारा संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों के जानकार व्यक्तियों को सर्वेक्षणकर्ता नामित किया जा रहा है।

बैठक में डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र, पर्यटन सूचना अधिकारी संजय भंडारी, सभी अधिशासी अधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक लेते डीएम अंजनी कुमार सिंह।

● मंदिरों, गुरुकुलों, पुस्तकालयों और निजी संग्रहों में रखी प्राचीन पांडुलिपियों का होगा सर्वे

### आमजन से सूचना देने की अपील

वहीं, पीडी (डीआरडीए) एसएन चौरसिया ने आमजन से अपील की कि जिनके पास प्राचीन पांडुलिपियां हों, वे उनकी सूचना विकास भवन स्थित पर्यटन सूचना अधिकारी के दफ्तर अथवा उनके मोबाइल नंबर 9450631830 पर उपलब्ध कराएं।

## डीएम ने की कर-करेत्तर राजस्व कार्यों की समीक्षा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** डीएम अंजनी कुमार सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में कर-करेत्तर प्राप्तियों एवं राजस्व विभाग की मासिक समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को प्रवर्तन कार्रवाई तेज कर निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि लक्ष्य पूर्ति के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में वाणिज्य कर, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, विद्युत, नगर विकास, मंडी, वन, सिंचाई, खनन समेत कई विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। लंबित राजस्व वादों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

## प्रार्थना सभा में सेंट जॉन्स के मेधावी सम्मानित



गोला के सेंट जॉन्स कालेज में टॉपरों के साथ फादर और शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार :** सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर प्रधानाचार्य, शिक्षकों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

गुरुवार को सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रार्थना सभा में 12वीं के टॉपर्स विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों द्वारा माला पहनाकर सम्मानित करते ही विद्यालय तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। प्रधानाचार्य फादर अनूप टिर्की ने उनकी सफलता पर गर्व जताते हुए कहा कि सफलता मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास का परिणाम होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी लगन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा ईसानगर, निकली शिव बरात

संवाददाता, धौरहरा

**अमृत विचार :** ईसानगर कस्बे में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर गुरुवार को निकली शिव बरात ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के उद्घोष से कस्बा गूंज उठा। हजारों श्रद्धालु शिव बारात में शामिल होकर आस्था और भक्ति में सराबोर नजर आए।

शिव बरात का आरंभ कस्बे के मुख्य बाजार परिसर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद बारात प्रमुख मार्गों से होते हुए प्राचीन श्री रामजानकी शिव मंदिर गनेशपुर पहुंची और विभिन्न मंदिरों का भ्रमण करते हुए नवनिर्मित शिव मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। बारात में ढोल-नगाड़ों और भक्तिमय धुनों पर श्रद्धालु झूमते और नाचते हुए आगे बढ़े। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर शिव बारात का स्वागत किया। भगवान शिव की आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रही, जिसे देखने के लिए सड़कों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम में बच्चों, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे आयोजन के दौरान माहौल पूरी तरह शिवमय बना रहा। आचार्य पुतान लाल मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। इस अवसर पर रामगोपाल गुप्ता, राममिलन शाह, सागर गुप्ता, निरवेंद्र शाह, संतोष गुप्ता, संजू मिश्रा, विनोद गुप्ता समेत हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।



प्रतिमाओं के साथ श्रद्धालु।

● प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब, पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

## विश्व शिक्षा दिवस पर बच्चों को किया प्रेरित

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** विश्व शिक्षा दिवस पर युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. डॉ. हेमंत पाल ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने का आधार भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने, नैतिक मूल्यों को अपनाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। प्राचार्य ने कहा कि शिक्षित समाज ही विकसित और सशक्त राष्ट्र की नींव रखता है। इस दौरान जिला प्रशासन के निर्देशों के अनुपालन में विद्यार्थियों को स्व-गणना (जनगणना) के संबंध में भी जागरूक किया गया। छात्रों को जनगणना के महत्व, नागरिक सहभागिता और जानकारीदी गई।

# 'जीरो डोज' बच्चों की पहचान व डेटा गुणवत्ता सुधार पर जोर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** जनपद में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने व जीरो डोज बच्चों की संख्या को शून्य तक लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी पहल की है। गुरुवार को सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यालय सभागार में एक दिवसीय जनपद स्तरीय संवेदीकरण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में राज्य स्तर से आए विशेषज्ञ प्रशिक्षकों स्टेट एनालिस्ट यूपी एवं हरियाणा डॉ. शिखर चौधरी और नेशनल डाटा एनालिस्ट अरविंद कुमार ने स्वास्थ्य अधिकारियों को टीकाकरण आंकड़ों की गुणवत्ता सुधारने और डेटा विश्लेषण परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी दी। अधिकारियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म के बेहतर उपयोग और आंकड़ों की सटीक फीडिंग के महत्व के बारे में बताया गया। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने प्रशिक्षण के दौरान कहा कि टीकाकरण अभियान की सफलता केवल धरातल पर किए गए कार्यों से ही नहीं, बल्कि सही और गुणवत्तापूर्ण डेटा से भी तय होती है। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर जितनी सटीक जानकारी दर्ज होगी, रिपोर्ट उतनी ही बेहतर बनेगी और इससे जिले की रैंकिंग सुधारने में मदद मिलेगी। सीएमओ ने बताया कि महानिदेशक परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश के निर्देश पर आयोजित इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सहायक शोध अधिकारियों (एआरओ) की क्षमता बढ़ाना और ऐसे बच्चों की शत-प्रतिशत पहचान सुनिश्चित करना है, जिन्हें अब तक एक भी टीका नहीं लग पाया है। कार्यशाला में सभी ब्लॉक और शहरी नियोजन इकाइयों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों, सहायक शोध अधिकारियों और सीएचसी अधीक्षकों को एचएमआईएस, यू-विन और पीसीटीएस जैसे डिजिटल पोर्टलों के माध्यम से डेटा गुणवत्ता और निरंतरता बनाए रखने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। सीएमओ ने निर्देश दिए कि जनपद स्तर पर प्रशिक्षित अधिकारी 29 मई 2026 तक अपने-अपने ब्लॉकों में टीकाकरण कर्मियों और डाटा एंट्री ऑपरेटरों को प्रशिक्षित करेंगे, ताकि अभियान को और अधिक मजबूत बनाया जा सके। इस दौरान जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. रवि सिंह समेत स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



कार्यशाला को संबोधित करते सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता। ● अमृत विचार

● टीकाकरण अभियान को धार देने को स्वास्थ्य विभाग की पहल

● सीएमओ की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

## ब्रीफ न्यूज

### सिकंदराबाद स्थित मजार पर चादर पेशी का कार्यक्रम आज

**बिलहरी, अमृत विचार :** गोला तहसील क्षेत्र के कस्बा सिकंद्राबाद बाजार मे स्थित शहीद मर्द बाबा की मजार पर इस वर्ष भी 15 मई से 17 मई तक के प्रोग्रामो का आयोजन किया जा रहा है। मजार पर आज से चादरपोशी शुरू होगी। आयोजक रहिबर हुसैन ने बताया कि शहीद मर्द बाबा की मजार पर उर्स कार्यक्रम का आगाज 15 मई से 17 मई तक किया जा रहा है, जिसमे चादर पोशी का आगाज 15 मई शुक्रवार और मिलाद 16 मई शनिवार को होगी। 17 मई को कस्बा पुरनपुर जिला पीलीभीत के कब्वाल नसीम वारसी और उनके सहयोगियों द्वारा कब्बाली कर शमां बाधा जायेगा। कब्बाली रात्रि कालीन की बेला मे शाम नौ बजे से होगी। उर्स के आयोजक रहिबर हुसैन, उवैद मास्टर, नसीम खां, सलामतुल्लाह, खुर्शीद खां, तस्लीम खां, शिवचरन जायसवाल, शमसाद खा, तारिक खां ने आम जनमानस से उर्स की तारीखों में पहुंचकर चादर पोशी कर लाभ उठाकर धर्म के भागीदार बनने की अपील की है।

### गला दबाकर हत्या करने का किया प्रयास

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला मिश्रीपुर निवासी अभिषेक ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि मंगलवार शाम उसका भाई दिवेश मोहल्ले में ही दुकान से सौदा खरीद रहा था। शरीब समेत चार लोग उसकी दुकान के पास आए। उसके भाई को गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने भाई को पीटा और गला दबाने का प्रयास किया।

### घायल चील को पहुंचाया अस्पताल

**निगोही, अमृत विचार :** समाज सेवा के लिए पहचाने जाने वाले कस्बा निगोही के गजेंद्र सिंह ''सर्प मित्र'' ने सड़क पर घायल पड़ी चील की जान बचाकर उसे नया जीवन दिया। गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे गजेंद्र सिंह को सूचना मिली कि निगोही-बीसलपुर राजमार्ग पर सिंह ढाबा के पास एक चील घायल अवस्था में है। उसके पर और पैर टूटे हुए थे। सूचना मिलते ही गजेंद्र मौके पर पहुंचे और घायल चील को पशु चिकित्सालय निगोही लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज शुरू कराया गया। चील को पर्यावरण और जनमानस के लिए हितकारी पक्षी माना जाता है। लोगों का कहना है कि गजेंद्र सिंह सर्प मित्र के रूप में मशहूर है। सांप पकड़ने से लेकर किसी भी पशु-पक्षी के संकट में होने की खबर मिलते ही पहुंच जाते हैं। इलाज के बाद प्रकृति में स्वतंत्र कर देते हैं।

# नेपाल के व्यापारिक प्रतिबंधों के विरोध में व्यापारियों का प्रदर्शन

## सीमावर्ती मंडियों के व्यापार पर प्रतिकूल असर पर विधायक व एसडीएम को सौंपे ज्ञापन

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार :** नेपाल सरकार द्वारा लगाए गए नए व्यापारिक प्रतिबंधों के विरोध में भारत-नेपाल सीमा से जुड़े क्षेत्रों के व्यापारियों का आक्रोश गुरुवार को खुलकर सामने आया। सीमावर्ती मंडियों के व्यापार पर पड़ रहे प्रतिकूल असर को लेकर व्यापार मंडल पदाधिकारियों और व्यापारियों ने प्रदर्शन करते हुए विधायक रोमी साहनी एवं उपजिलाधिकारी पलिया डॉ. अवनीश कुमार को ज्ञापन सौंपा।

नगर व्यापार मंडल पलिया (कंछल गुट) के अध्यक्ष गौरव गुप्ता और मिश्रा गुट के अध्यक्ष अनूप मिश्रा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में व्यापारी तहसील परिसर पहुंचे। व्यापारियों ने नेपाल सरकार द्वारा 100 रुपये से अधिक के घरेलू सामान पर लगाए गए प्रतिबंध और भारी टैक्स (भंसार) के विरोध में नारेबाजी की तथा प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम डॉ.



क्षेत्रीय विधायक रोमी साहनी को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

- **व्यापारियों का फूटा गुस्सा, प्रदर्शन कर विधायक व एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**
- **कहा- नए प्रतिबंधों से चौपट हो रहा कारोबार, रोजी-रोटी पर मंडराया संकट**

अवनीश कुमार को सौंपा। वहीं एक अन्य ज्ञापन विधायक रोमी साहनी को भी दिया गया। व्यापारियों का कहना है कि नेपाल सरकार के नए नियमों के कारण सीमावर्ती बाजारों का व्यापार 50 प्रतिशत से अधिक प्रभावित हुआ है, जिससे हजारों परिवारों की आजीविका संकट में पड़ गई है। व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच हमेशा से सौहार्दपूर्ण व्यापारिक संबंध रहे हैं और भारत लगातार नेपाल को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करता आया है।

उन्होंने कहा कि नेपाल सरकार के नए नियमों से बनगवां, सूंड़ा, चंदन चौकी, बसही, खजुरिया और संपूर्णानगर जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों का व्यापार चौपट होने की स्थिति में पहुंच गया है। व्यापारियों ने केंद्र सरकार से मांग की कि इस मामले में कूटनीतिक स्तर पर हस्तक्षेप कर टैक्स व्यवस्था समाप्त कराई जाए। चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। ज्ञापन की प्रतियां विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी भेजी गई हैं।

इस दौरान व्यापार मंडल कंछल गुट के जिला मंत्री अमित महाजन, जसवीर फ्लोरा, श्याम आनंद, देवेंद्र अरोड़ा, रघुनाथ राठौर, मिश्रा गुट के मंत्री संदीप बंसल, गौरव अग्रवाल, तिकुनियां उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष दिनेश कंछल, शिशिर गुप्ता, संपूर्णानगर व्यापार मंडल अध्यक्ष इश्तियाक अहमद खान, कुलदीप सिंह बरार, बनगवां मंडी अध्यक्ष शोभित गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, मनोज गुप्ता, बसही से अनिल मधेशिया, मनीराम, भरत पटवा, सुमित गुप्ता आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### बरात से पहले खेत पूजन कर रहीं महिलाएं तेंदुए को देखकर भागीं

**बिझौली, अमृत विचार :** महेशपुर रेंज के बिलहरी बीट के बिझौली में वन विभाग की लापरवाही से ग्रामीण रोज तेंदुए के हमले झेल रहे हैं। बुधवार को गांव में लड़के की बरात से पहले खेत पूजन की रस्म कर रहीं महिलाओं के सामने ही तेंदुआ बछड़े को खींच ले गया। दहशत में महिलाएं चीखती चिल्लाती भागीं।

ग्रामीणों का आरोप है कि बिलहरी बीट में दो तेंदुए हफ्ते भर से गांव के आसपास घूम रहे हैं। रोज किसी न किसी के पालतू जानवर का शिकार कर रहे हैं। दो दिन पहले ही रामकिशुन के घर के बाहर बंधे आठ माह के बछड़े को मार डाला था। बार बार शिकायत के बाद भी वन विभाग ने सिर्फ कैमरे लगाकर इतिश्री कर ली पिंजरा लगाया, न गश्त बढ़ाई।

खेत पूजन से लौटीं महिलाओं ने कहा रोज मौत सामने दिख रही है। बच्चे घर से निकलने में डरते हैं। अब तो शादी की रस्में भी डर के साए में कर रहे हैं। वन विभाग सिर्फ कागजी कार्रवाई कर रहा है। वन विभाग की चुप्पी से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। गांव में दहशत का माहौल हैं।

# बारह-बारह घंटे पढ़ाई करता था रितिक मिश्रा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** थाना ईसानगर के गांव हसनपुर कटौली निवासी अनूप मिश्रा का पुत्र रितिक मिश्रा (20) कई सालों से नीट की तैयारी कर रहा था। इस साल उसने तीसरी बार कानपुर में परीक्षा दी थी। रितिक पिता व परिजनों को बताया करता था कि इस बार उसका पेपर काफी अच्छा हुआ है। इसे लेकर वह काफी खुश भी था। वह बुधवार शाम ही गांव से आया था। मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया।

रितिक माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी मौत से परिवार का हाल बेहाल है। पिता अनूप मिश्रा ईंट भट्ठा चलाते हैं। चाचा अतुल मिश्रा ने बताया कि रितिक पढ़ने में काफी अच्छा था। वह 12-12 घंटे लगातार पढ़ाई करता था। उसे पूरी उम्मीद थी कि इस बार उसका सलेक्शन हो जाएगा, लेकिन खराब सिस्टम के चलते निरस्त हुई परीक्षा से उपजे तनाव ने उनके होनहार भतीजे को निगल लिया।



रोते-बिलखते रितिक मिश्रा के परिजन।

- **नीट में तीसरी बार शामिल हुआ था रितिक**

वहीं, रितिक के दोस्त साथी छात्र अभिषेक सिंह ने बताया कि बुधवार को ही उसकी रितिक से बातचीत हुई थी। रितिक दोबारा परीक्षा होने की मिल रहीं खबरों से काफी परेशान था। इन बातों ने मुझे भी परेशान कर रखा था। मुझे भी लगा था कि खुद को खत्म कर लूं, लेकिन परिवार का सपोर्ट मिलने के कारण कोई कदम नहीं उठाया। अभिषेक का कहना है कि इस बार रितिक सलेक्शन की रेस में था। उसके इस बार 600 से अधिक नंबर आ रहे थे। परीक्षा निरस्त होने से हजारों छात्रों का भविष्य अधर में चला गया।

# नेपाल के नए व्यापारिक नियमों के विरोध में तिकुनियां बंद

संवाददाता, तिकुनिया

**अमृत विचार :** भारत-नेपाल सीमा से जुड़े व्यापार पर नेपाल सरकार द्वारा लागू किए गए नए नियमों के विरोध में गुरुवार को तिकुनिया कस्बे में व्यापारियों का गुस्सा खुलकर सामने आया। तिकुनिया उद्योग व्यापार मंडल के आह्वान पर पूरे कस्बे में व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखे गए और व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन कर नेपाल सरकार के फैसले पर कड़ी नाराजगी जताई। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो सीमा क्षेत्र में आर्थिक संकट और गहरा जाएगा।

प्रदर्शन के बाद व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भारत के प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन पलिया कला के क्षेत्रीय विधायक रोमी साहनी व एसडीएम पलिया



तिकुनिया में बाजार बंद होने से सड़कों पर पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि भारत सरकार नेपाल सरकार से उच्चस्तरीय वार्ता कर सीमा क्षेत्र के व्यापारियों और आम नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए लगाए गए प्रतिबंधों को हटवाने की पहल करे।

तिकुनिया उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष दिनेश ने कहा कि नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह द्वारा भारत-नेपाल व्यापार पर लगाए गए नए नियमों से सीमावर्ती क्षेत्र का व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो गया है। उन्होंने कहा कि वर्षों से दोनों देशों के बीच स्थानीय स्तर पर व्यापारिक गतिविधियां चलती रही हैं, जिससे हजारों लोगों की आजीविका जुड़ी हुई है। लेकिन नए प्रतिबंधों के चलते व्यापारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि तिकुनिया, पलिया और आसपास के क्षेत्रों के व्यापारी नेपाल से जुड़े व्यापार पर काफी हद तक निर्भर हैं। सीमा पर सख्ती और नए नियम लागू होने के बाद व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं, जिससे दुकानदारों, मजदूरों, वाहन चालकों और छोटे कारोबारियों की आय पर सीधा असर पड़ा है। कई व्यापारियों का कारोबार ठप होने की स्थिति में पहुंच गया है। गुरुवार को तिकुनिया बाजार पूरी तरह से बंद रहा। व्यापारियों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को बुलंद किया। प्रदर्शन के बाद व्यापार मंडल के प्रतिनिधि पलिया पहुंचे, जहां विधायक रोमी साहनी और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन देने वालों में शिशिर गुप्ता, अशोक रस्तोगी, मुदित गुप्ता, पुरुषोत्तम अग्रवाल, विवेक जैन, वासु जैन, अनुज गुप्ता समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# वाराणसी के बाद अयोध्या तक रोडवेज की एसी बस सेवा शुरू

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- **लखीमपुर, नानपारा, बहराइच होते हुए अयोध्या धाम जाएगी बस**

**अमृत विचार:** परिवहन निगम के गोला डिपो से वाराणसी के बाद अब अयोध्या धाम के लिए भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एसी बस सेवा शुरू की है। यह बस प्रतिदिन सुबह 8 बजे गोला से रवाना होगी। यह बस लखीमपुर, नानपारा, बहराइच होते हुए अयोध्या धाम जाएगी।

एआरएम महेश चंद्र कमल ने बताया कि वाराणसी के लिये चलाई गई बस से इनकम अच्छी आने पर यह नई बस सेवा अयोध्या धाम के लिए शुरू की गई है, जो गोला रोडवेज डिपो से सुबह 8 बजे चलकर अयोध्या दोपहर 12 से एक बजे के बीच में पहुंचेगी और अयोध्या धाम से गोला के लिए शाम सात बजे प्रस्थान करेगी। बस गोला से लखीमपुर, नानपारा, बहराइच होते हुए अयोध्या धाम पहुंचेगी। बस गोला से अयोध्या और अयोध्या से गोला अप डाउन में 646 किलोमीटर की यात्रा तय करेगी। गोला से अयोध्या धाम का प्रति यात्री किराया 627, लखीमपुर से 545, नानपारा से 331 और बहराइच से 252 रुपए निर्धारित किया गया है।

वहीं छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर बन जाने के बाद अयोध्या से पौराणिक शिव मंदिर दर्शन करने आने वाले और नगर सहित क्षेत्र से अयोध्या धाम की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा होगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा वास्तविक नाम मोहम्मद मुस्तफा अंसारी पुत्र मोहम्मद लतीफ, निवासी ग्राम भानपुरी कालोनी, परगना व तहसील पलिया, जिला खीरी है। जबकि त्रुटिवश पासपोर्ट में मेरा नाम मोहम्मद मुस्तफा अंकित है, जो गलत है। इसे सुधार कर मोहम्मद मुस्तफा अंसारी कर सभी जगह मुझे अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **मोहम्मद मुस्तफा अंसारी पुत्र मोहम्मद लतीफ, निवासी ग्राम भानपुरी कालोनी, परगना व तहसील पलिया, जिला खीरी।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के स्कूली अभिलेखों में नाम शौर्य सिंह (Shaury Singh) दर्ज है जबकि उसका वास्तविक नाम शौर्य सिंह (Shaurya Singh) नाम से ही जाना व पहचाना जाए। **प्रेम प्रकाश पुत्र रामचंद्र निवासी मोहल्ला रामनगर (2) पोस्ट मडियाहू जिला जौनपुर उत्तर प्रदेश।**

**सूचना**
मो. शकी खां मो. वसीम खां ने खेत नं. 487 व 488 वाकै मोहनपुर जिला बरेली ने दिनांक 7.12.2020 को मो. सलीम खां पुत्र मो. शकी खां के हक में मुख्त्यारनामा किया था, मो. वसीम खां, की मृत्यु दिनांक 19.06.2015 को हो चुकी है, उसी समय से मुख्त्यार नामा निरस्त समझा जाये। मो. शकी खां पुत्र श्री मो. शफी खां निवासी ठिरिया निजावत खां तह. व जिला बरेली।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री सलोनी कश्यप के स्कूली दस्तावेजों में पिता का नाम भूलवश सूरज दर्ज हो गया है जबकि उनका वास्तविक नाम कल्लू है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भी कल्लू नाम ही दर्ज है। भविष्य में मुझे कल्लू के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **कल्लू पुत्र श्री मेघराज कश्यप निवासी ठाकुरद्वारा, फतेहगंज, बरेली।**

**सूचना**
हमने अपने भाई गौरव अग्रवाल पुत्र प्रवीन अग्रवाल व भाभी श्रीमती कामनी शर्मा निवासीगण साहूकारा, थाना-किला जिला- बरेली के गलत संगत में पड़ने के कारण संबंध विच्छेद कर लिये है, भविष्य में उनके किसी भी प्रकार के कोई कृत्य/लेनदेन की हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **कृतिका अग्रवाल पत्नी अमर अग्रवाल निवासी-54, जकाती मोहल्ला बड़ा बाजार जिला-बरेली व स्वाति अग्रवाल पत्नी पुलकित अग्रवाल निवासी-तीरह बजार पुवाया, जिला-शाहजहाँपुर।**

**आवश्यकता है**
**श्री लालाराम महाविद्यालय**
(सम्बद्ध-एम.जे.पी.रू.वि.वि., बरेली)
श्रीनगर तह. कलान, जनपद शाहजहांपुर
**पद-प्राचार्य**
योग्यता-यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय के नियमानुसार
इच्छुक व्यक्ति कॉलेज में सम्पर्क करें
**9919870241**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज डायरी



### विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार के लिए डॉ. अनिल को किया सम्मानित

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कृषक समाज इंटर कॉलेज, गोला के जीव विज्ञान प्रवक्ता डॉ. अनिल कुमार वर्मा को विज्ञान के क्षेत्र में उनके नवाचारी कार्य के लिए सम्मानित किया गया। जल शुद्धिकरण तकनीक से जुड़े उनके नवाचार को पेटेंट स्वीकृति मिलने पर मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने उन्हें सम्मानित किया। डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि डॉ. अनिल कुमार वर्मा जिले में माध्यमिक शिक्षा स्तर पर आयोजित विभिन्न वैज्ञानिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की प्रतिभागिता बढ़ाने के लिए लगातार सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके प्रयासों से कई छात्र विज्ञान क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर चुके हैं। डॉ. अनिल कुमार वर्मा ने पूर्व में भी कई विद्यार्थियों को विज्ञान प्रतियोगिताओं में सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



### रेडियो के खेलो खीरी कार्यक्रम से प्रेरित हुए बच्चे

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** रेडियो खीरी के खेलो खीरी कार्यक्रम बच्चों और अभिभावकों को खेलों के प्रति लगातार जागरूक कर रहा है। इससे प्रेरित होकर लखीमपुर ब्लॉक के ग्राम पिपराकरमचंद निवासी सुरजीत कुमार ने अपने पुत्र अनुभव और भतीजे अभिजीत कुमार का गुरुवार को लालपुर स्टेडियम में फुटबॉल प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण कराया। इसमें उप क्रीड़ा अधिकारी मोहम्मद इरफान का विशेष सहयोग रहा। सुरजीत कुमार ने बताया कि उनका पूरा परिवार नियमित रूप से रेडियो कार्यक्रम सुनता है। प्रेरित होकर उनके पुत्र अनुभव और भतीजे अभिजीत ने खेल प्रशिक्षण लेने का निर्णय लिया। सुरजीत कुमार ने रेडियो खीरी के संस्थापक संजय सिंह व सहायक निदेशक अमीशा सिंह का आभार जताया।



### 54 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दीं दवाई

**बिलहरी, अमृत विचार :** गोला तहसील क्षेत्र के गांव अल्लागंज में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय लगाए गए कैंप में 54 लोगों का परीक्षण कर दवाएं दी गईं। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी डॉ. सुमंत कुमार के दिशा निर्देशन में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय जलालपुर की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. निधि वर्मा फार्मासिस्ट अजीत कुमार सिंह, स्वच्छक रामप्रकाश वर्मा के द्वारा आयुष आपके द्वार शिविर का आयोजन कर 54 लोगों की खांसी, दमा, अस्थमा, पीलिया, दाद, खाज, खुजली और महिलाओं की संबंधित बीमारियों की जांच कर उनको निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।



### चिल्ड्रेन्स एकेडमी में टॉपरों को किया सम्मानित

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में चिल्ड्रेन्स एकेडमी के विद्यार्थियों द्वारा नगर के अन्य स्कूलों की अपेक्षा बेहतर प्रदर्शन करने के कारण प्रबंधतंत्र ने मेधावियों को सम्मानित किया है। बांकेगंज रोड स्थित चिल्ड्रेन्स एकेडमी में समारोह पूर्वक विद्यालय के एमडी सतीश गुप्ता, सविता गुप्ता, डायरेक्टर अनुभव गुप्ता ने इंटर में कॉलेज की टॉप टेन सूची के विद्यार्थियों अंशिका वर्मा, अदिति यादव, प्रियांशी भसीन, धैर्य पटेल, राम जग्गी, वृद्धि जैन, जागृति जग्गी, अनन्या मिश्रा, हिमांशु यादव और फिजा खातून का माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। एमडी सतीश गुप्ता ने मेधावियों के उज्जवल भविष्य की माना करते हुये आगे की शिक्षा में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिये प्रेरित किया है।

# लोधपुरवा को हराकर फाइनल में गोविंदपुर

संवाददाता, मझगईं

**अमृत विचार:** लोधपुरवा में पानी की टंकी के पास चल रहे डॉ. मो. हसन नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में गोविंदपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान लोधपुरवा को 23 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली। मुकाबले में जसविंदर सिंह की विस्फोटक बल्लेबाजी और संजय दिवाकर की घातक गेंदबाजी ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। जसविंदर सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गोविंदपुर की शुरुआत खराब रही। वसी अहमद 7 और गेंजा सिंह 4 रन बनाकर जल्दी पवेलियन लौट गए। इसके बाद जसविंदर सिंह ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते



मैन ऑफ द मैच बने जसविंदर सिंह को मेडल पहनाते मोहम्मद अफजल।

- **डॉ. मो. हसन नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट में खेला गया सेमीफाइनल**

हुए मात्र 22 गेंदों में 82 रन ठोक दिए। अपनी धमाकेदार पारी में उन्होंने 3 चौके और 7 छक्के लगाए। संतोष ने 10 रन और लाला ने 18 रन का योगदान दिया। गोविंदपुर ने निर्धारित 14 ओवर में 165 रन बनाए। लोधपुरवा की ओर से हरिओम, रामू और कबीर ने दो-दो विकेट हासिल किए। 166 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लोधपुरवा की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम के तीन बल्लेबाज खाता खोले बिना आउट हो गए। हालांकि दिवेश ने 30 गेंदों में 65 रन की शानदार पारी खेलकर टीम को संभालने का प्रयास किया। सूरज ने 29 रन बनाए, लेकिन अन्य बल्लेबाज टिक नहीं सके और पूरी टीम 142 रन पर सिमट गई। गोविंदपुर की ओर से संजय दिवाकर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर में 19 रन देकर चार विकेट झटके। मैच के दौरान बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। मुकाबले में अंपायरिंग निसार अहमद और मोईद राजा ने की। स्कोरिंग की जिम्मेदारी जावेद मंसूरी, कबीर और नाजिम ने संभाली, जबकि कमेंट्री विवेक और मोहम्मद अफजल ने की।

### स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश लागू करने की मांग

**कुकरा, अमृत विचार :** केंद्र सरकार द्वारा खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी का ऐलान किए जाने के बावजूद किसान वर्ग में नाराजगी देखने को मिल रही है। भारतीय किसान यूनियन चढूनी के जिला अध्यक्ष बलकार सिंह ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि फसलों का एमएसपी स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार तय किया जाए तथा एमएसपी को कानूनी गारंटी दी जाए। साथ ही किसानों की बढ़ती लागत के अनुरूप फसलों के दाम निर्धारित किए जाएं और केवल घोषणाओं के बजाय किसानों की आय बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# खेत की पैमाइश न होने से नाराज युवक टावर पर चढ़ा

संवाददाता, मितौली

**अमृत विचार :** कस्बे में गुरुवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब खेत की पैमाइश न होने से नाराज एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया और आत्महत्या की धमकी देने लगा। युवक के टावर पर चढ़ते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। करीब दो घंटे तक चले हाई-वोल्टेज ड्रामे के बाद प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने और निष्पक्ष कार्रवाई के आश्वासन पर युवक नीचे उतरा।

कस्बा निवासी नवनीत मिश्रा अपनी चाची सरोजनी देवी के खेत के सीमांकन को लेकर लंबे समय से राजस्व विभाग के चक्कर काट रहा था। पीड़ित के अनुसार खेत की पैमाइश के लिए कोर्ट द्वारा 28 फरवरी को आदेश जारी किया जा चुका था, लेकिन इसके बावजूद राजस्व विभाग की ओर से कार्रवाई नहीं की जा रही थी। नवनीत का आरोप है कि गुरुवार को जब कानूनगो प्रेम प्रकाश अग्निहोत्री मौके पर पहुंचे तो उन्होंने विपक्षी पक्ष से



मौके पर लगी ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार



टावर पर चढ़ा युवक। ● अमृत विचार

- **राजस्व कर्मियों पर रिश्वत मांगने और टालमटोल करने का आरोप**
- **नई टीम से पैमाइश कराने के आश्वासन पर उतरा युवक**

> युवक की मांगों को सुना गया है। सीमांकन के लिए नई टीम गठित कर दी गई है। राजस्व कर्मियों पर लगे आरोपों की जांच की गई। रिश्वत लेने वाली बात निराधार है। जांच में ऐसी कोई बात सामने नहीं आई है।
>
> – मधुसूदन गुप्ता, एसडीएम मितौली

साठगांठ कर सीमांकन प्रक्रिया रोकने का प्रयास किया। युवक का आरोप है कि पैमाइश कराने के बदले उससे 50 हजार रुपये की मांग की गई। लगातार टालमटोल और कथित भ्रष्टाचार से परेशान होकर नवनीत ने विरोध का यह कदम उठाया। दोपहर करीब दो बजे नवनीत कस्बे के मुख्य चौराहे पर स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया। टावर पर चढ़कर उसने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई और न्याय न मिलने पर जान देने की चेतावनी दी।

नायब तहसीलदार शशांक मिश्रा और मितौली एसएचओ महेश पाठक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने काफी देर तक युवक से बातचीत कर उसे शांत कराने का प्रयास किया। प्रशासन की ओर से भरोसा दिलाया गया कि पुराने कानूनगो के स्थान पर राजस्व विभाग की नई टीम गठित कर निष्पक्ष तरीके से खेत की पैमाइश कराई जाएगी। साथ ही कानूनगो पर लगाए गए रिश्वत मांगने के आरोपों की जांच कराने का भी आश्वासन दिया गया। करीब दो घंटे तक चले घटनाक्रम के बाद युवक प्रशासन के आश्वासन पर टावर से नीचे उतर आया, जिसके बाद अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

